दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



मन की बुराईयों को करें अंत....... जब लेंगी प्रॉपर डाईट.........

वर्ष : 10 | अंक : 298 | लखनऊ, 09 अक्टूबर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है।

### बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए

प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत

उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

### शालू और भूमिका बन चुकी हैं एक दिन की डीएम

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। इस दौरान शालू ने मिशन शक्ति की बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किया, अधिकारियों का परिचय लिया और मिशन शक्ति के कार्यों की रूपरेखा पर निर्देश दिए थे तो कासगंज की टॉपर भूमिका ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कासगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिन का जिलाधिकारी बन जनसमस्याओं की सुनवाई की और उनके समाधान के निर्देश दिए।

### लोगों की समस्याओं का करेंगी निस्तारण

इस योजना के तहत चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह अनुभव उन्हें निर्णय लेने की क्षमता और सामर्थ्य को निखारने में मदद करेगा, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

## रामलीला मंच के पास से हटाये जाने पर दलित दर्शक ने की आत्महत्या

### अखिलेश यादव ने साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार

कासगंज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में रामलीला मंच के पास से हटाये जाने पर आहत हुए एक दलित दर्शक ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, सोरों थानाक्षेत्र में आयोजित रामलीला के दौरान पुलिस द्वारा कथित तौर पर अपमानित किये जाने से आहत होकर एक दलित दर्शक ने आत्महत्या कर ली। वहीं पुलिस ने बताया कि आयोजकों द्वारा व्यक्ति को शराब के नशे में होने के बाद वहां से हटाया गया।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मामले में मंगलवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मंच के करीब कुर्सी पर बैठे दलित व्यक्ति को पुलिस द्वारा अपमानित व पीटे जाने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। कासगंज पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया कि सोरों थाना क्षेत्र केसलेमपुर बीबी इलाके में सोमवार सुबह रमेश चंद्र (45) अपने घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया।



पुलिस के अनुसार, रामलीला आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सोरों थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) को एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि रमेश नशे की हालत में कार्यक्रम के दौरान मंच पर आया और बैठ गया, जिसके बाद आयोजकों और ग्रामीणों ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से उसे हटाने के लिए कहा और तुरंत बाद उसके दोनों भांजे धारा सिंह और मुनेंद्र उसे घर लेकर चले गए। पुलिस ने बताया कि आयोजकों ने बताया कि वह पिछले दो-तीन दिनों से शराब पीकर रामलीला कार्यक्रम में आ रहा था। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं हैं और घटना में शामिल दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भारतीय कर रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकारा : खट्टर

● हमने पहलवानों, किसानों और युवाओं के लिए किया काम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा विधानसभा चुनाव ने राजनीतिक पूवार्नुमानों को झुठलाते हुए एक आश्चर्यजनक परिणाम दिया है। रुझानों के अनुसार, सत्तारूढ़ भाजपा को 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में लगभग 5ङ्ग सीटें जीतने की संभावना है। भाजपा ने इसको लेकर जश्न मनाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर का भी बयान सामने आया है। मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुद्दा (चुनाव का) यह था कि हमने हरियाणा के पहलवानों, किसानों, युवाओं के लिए जो काम किया है, वह कांग्रेस कभी नहीं कर सकती। खट्टर ने आगे कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस जीत का श्रेय हमारी पार्टी के कार्यकताओं और राज्य के लोगों को जाता है। हमारे सीएम ने पहले ही कहा था 'एक दिन आएगा जब जनता देगी जवाब और कांग्रेस एक ही बात कहेगी कि ईवीएम खराब है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकार दिया है। जनता ने यह संदेश दिया है कि पीएम मोदी की नीतियों का राज्य की जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## हरियाणा की जनशक्ति को पीएम मोदी ने किया नमन

### यह विकास और सुशासन की जीत, जम्मू-कश्मीर पर कही बड़ी बात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इसी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा का ह्रदय से आभार जताया है। मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के नतीजों पर मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ये चुनाव बेहद खास रहे हैं। अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने के बाद पहली बार आयोजित किया गया और इसमें भारी मतदान हुआ, जिससे लोकतंत्र में लोगों के विश्वास का पता चला। मैं इसके लिए जम्मू-कश्मीर के प्रत्येक व्यक्ति को बधाई देता हूं।

मोदी ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारी पार्टी को वोट दिया और हम पर भरोसा जताया। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।' मैं हमारे कार्यकताओं के मेहनती प्रयासों की भी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में सराहनीय प्रदर्शन के लिए जेकेएनसी को बधाई देना चाहता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से लेकर पंजाब तक लोगों का रास आ रही कुशीनगर के केले की मिठास

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित बुद्ध महापरिनिर्वाण की धरती कुशीनगर के केले की मिठास पंजाब से लेकर कश्मीर तक के लोग ले रहे हैं। दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, चंडीगढ़, लुधियाना और भटिंडा तक जाता है कुशीनगर का केला। यही नहीं गोरखपुर मंडल से संबद्ध सभी जिलों और कानपुर में भी कुशीनगर के केले की धूम है। नेपाल और बिहार के भी लोग कुशीनगर के केले के मुरीद हैं।

#### कुशीनगर में करीब 16 हजार हेक्टयर रकबे पर हो रही केले की खेती

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध कुशीनगर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अशोक राय के मुताबिक यहां के किसान फल और सब्जी दोनों के लिए केले की फसल लेते हैं। इनके रकबे का अनुपात 70 और 30 फीसद का है। खाने के लिए सबसे पसंदीदा प्रजाति जी-9 और सब्जी के लिए रोबेस्टा है। जिले में लगभग 16000 हेक्टेयर में केले की खेती हो रही है।

#### ओडीओपी घोषित होने के बाद और बढ़ा केले की खेती का क्रेज

योगी सरकार द्वारा केले को कुशीनगर का एक जिला एक उत्पाद घोषित करने के बाद केले की खेती और प्रसंस्करण के जरिये सह उत्पाद बनाने का क्रेज बढ़ा है। कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं केले का जूस, चिप्स, आटा, अचार और इसके तने से रेशा निकालकर चटाई, डलिया एवम चप्पल आदि भी बना रहीं हैं। इनका खासा क्रेज और मांग भी है।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज में इस्तीफों की झड़ी

### जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में 40 ने किया पद छोड़ने का फैसला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 40 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने कनिष्ठ सहयोगियों के समर्थन में 8 अक्टूबर को अपना इस्तीफा दे दिया, जो 10 मांगों की सूची के साथ धर्मतला में भूख हड़ताल पर हैं। आज इस्तीफा देने वाले वरिष्ठ डॉक्टरों के बयान के अनुसार, सामूहिक इस्तीफे का उद्देश्य अपनी मांगों को पूरा करना है। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जूनियर



डॉक्टर 5 अक्टूबर को आमरण अनशन पर बैठ गए और दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं की हैं। डॉक्टरों ने शुक्रवार को धर्मतला में डोरिना क्रॉसिंग पर धरना शुरू कर दिया था, जिसमें राज्य सरकार को वादे के मुताबिक उनकी मांगों को पूरा करने के लिए 24 घंटे की समय सीमा तय की गई थी। एक जूनियर डॉक्टर ने कहा कि राज्य सरकार समय सीमा में विफल रही है और इसलिए हम अपनी मांगें पूरी होने तक आमरण अनशन शुरू कर रहे हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, हमने मंच पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जहां हमारे सहयोगी अनशन करेंगे। डॉक्टर ने कहा कि वे वादे के मुताबिक ड्यूटी ज्वाइन करेंगे लेकिन कुछ नहीं खाएंगे। बीते दिनों आरजी कर कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। घटना में सामूहिक बलात्कार का कोई सबूत नहीं मिला है। डेढ़ महीने की लंबी जांच, कई गवाहों और आरोपियों के बयान दर्ज करने और डीएनए परीक्षण सहित विस्तृत फोरेंसिक विश्लेषण के बाद कोलकाता की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोप पत्र में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि रॉय ने कथित तौर पर 9 अगस्त को अपराध किया था जब पीड़िता सो गई थी। सीबीआई ने कहा कि सारे सबूत संजय रॉय की संलिप्तता की ओर इशारा करते हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीआई चार्जशीट में 200 लोगों के बयान दर्ज हैं।

## विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबक

● भाजपा की जीत के बाद अमित शाह का राहुल पर वार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है। भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है।

## सेना-सुरक्षा बलों की छापेमारी!

### मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद, हथगोला और मशीन गन भी मिली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा 4 से 6 अक्टूबर तक मणिपुर के कई जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। चूराचांदपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान समेत कुल 18 हथियार बरामद किए गए।

#### चुराचांदपुर गोला-बारूद, हथियार बरामद

4 अक्टूबर को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर में एक अभियान चलाया, जिसमें एक 9 एमएम पिस्तौल, पांच सिंगल बैरल राइफल और पांच इम्प्रोवाइज्ड भारी मोर्टार बरामद किए गए। अगले दिन खुफिया जानकारी के आधार पर काकचिंग जिले में एक संयुक्त अभियान में तीन कार्बाइन मशीन गन, एक 9 एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल राइफल, हैंड ग्रेनेड और युद्ध के सामान बरामद किए गए।



#### मणिपुर के काकचिंग में भी विस्फोटक का जखीरा जब्त

मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया है। सोमवार को पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने पांच अक्टूबर को काकचिंग जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल और नौ मिमी की पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, 14 ग्रेनेड, एक 51 मिमी का मोर्टार, दो एमके-तृतीय ग्रेनेड, 4.755 किलोग्राम विस्फोटक आईईडी का एक संदिग्ध कंटेनर जब्त किया।

## मखाना की खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाएगी सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार सतत प्रोत्साहन की योजनाएं लागू कर रही है। इसी सिलसिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने मखाना की खेती के लिए किसानों को अनुदान देने की व्यवस्था बनाई है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान मखाना की सर्वाधिक खेती करने वाले बिहार के मिथिलांचल के समतुल्य जलवायु वाले पूर्वांचल पर है। सरकार ने पूर्वांचल के 14 जिलों में अनुदान पर मखाना की खेती के लिए लक्ष्य तय कर दिया है। इसमें गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में बीते साल से मखाना की खेती शुरू हो गई है जबकि मंडल के तीन अन्य जिलों गोरखपुर, महाराजगंज और कुशीनगर को कुल 33 हेक्टेयर में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य दिया गया है। वैज्ञानिक अध्ययन में पाया गया है कि गोरखपुर मंडल की जलवायु में मिथिला जैसी उत्पादकता देने का सामर्थ्य है।

मखाना की खेती ऐसी जगहों के लिए अधिक उपयुक्त है जहां खेतों में काफी पानी जमा रहता है। गोरखपुर मंडल में तालाबों की पर्याप्त संख्या तो है ही मंडल के कई ब्लॉक ऐसे हैं जहां लो लैंड एरिया में बारिश का पानी खेतों में काफी समय तक भरा रहता है। जाहिर सी बात है कि इन खेतों के किसान मखाना की खेती अपनाकर मालामाल हो सकते हैं। सरकार की तरफ से मखाना खेती के लिए अनुदान की व्यवस्था भी इसी मंशा से की गई है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है।

गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में मखाना की खेती का प्रयोग गत वर्ष ही शुरू हो चुका है। यहां के कई प्रगतिशील किसान और मत्स्यपालक राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा से मखाना का बीज मंगाकर खेती कर रहे हैं। इस तरह देवरिया मखाना खेती की शुरूआत करने वाला पूर्वांचल का पहला जिला बन चुका है। इस साल देवरिया में करीब पांच हेक्टेयर रकबे में मखाना की फसल तैयार है। अब सरकार मंडल के अन्य जिलों के किसानों को भी इससे जोड़ने में जुट गई है। मसलन देवरिया के बगल में कुशीनगर जिले में 13 हेक्टेयर रकबे में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य मिला है। इसमें से अबतक 8 हेक्टेयर से अधिक रकबे में खेती करने के लिए 16 किसानों का प्रस्ताव उद्यान विभाग ने मंजूर भी कर लिया है। गोरखपुर में 10 हेक्टेयर रकबे में मखाना की खेती कराने का उद्यान विभाग को दिया गया है।

#### 40 प्रतिशत लागत की भरपाई अनुदान से

उद्यान विभाग में पंजीकरण कराकर मखाना की खेती करने वाले किसानों को सरकार प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। एक हेक्टेयर में मखाना की खेती करने में करीब एक लाख रुपये की लागत आती है। ऐसे में लागत की 40 प्रतिशत भरपाई तो अकेले सरकारी अनुदान से ही हो जाएगी। एक हेक्टेयर के तालाब या पानी लगे खेत में औसतन प्रति हेक्टेयर 25 से 29 क्विंटल पैदावार हासिल होती है। वर्तमान में अच्छी क्वालिटी के मखाना का प्रति किलो थोक भाव औसतन एक हजार रुपये है।

#### नर्सरी डालने से लेकर फसल तैयार होने में लगता है दस माह

मखाना की खेती तालाब या औसतन तीन फीट पानी भरे खेत में होती है। नवंबर महीने में इसकी नर्सरी डाली जाती है और चार माह बाद (फरवरी-मार्च में) इसकी रोपाई की जाती है। रोपाई के करीब पांच महीने बाद पौधों में फूल लगने लगते हैं। अक्टूबर-नवम्बर में इसकी कटाई शुरू होती है। नर्सरी डालने से लेकर कटाई तक कुल दस माह का समय फसल तैयार होने में लगता है। मखाना की खेती उन किसानों के लिए तो और भी फायदेमंद है जो पहले से अपने निजी तालाबों में मछली पालन करते हैं।

## संक्षेप

### शाखा सहायक प्रबंधक के स्थानांतरण पर बैंककर्मियों ने दी भावभीनी बिदाई

अमन लेखनी समाचार

नगराम। शाखा नगराम बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक नरेंद्र बहादुर सिंह के करोरा बैंक आफ इंडिया में स्थानांतरण पर बैंककर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित बैंक कर्मी को भावपूर्ण विदाई दिया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों व बैंक कर्मियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सहायक शाखा प्रबंधक नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा की बैंक आफ इंडिया नगराम में लगभग 3 साल तक काम किया है यहां के ग्रामीणों से मुझे बहुत ही लगाओ होने लगा था जिससे उन्हें पता ही नहीं चला कि इस शाखा में 3 साल कैसे बीत गए। विदाई समारोह में उपस्थित नगराम शाखा प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, हेड कैशियर तेज प्रताप सिंह, प्रशांत वर्मा, मनोज कुमार, मनोज सिंह, उमेश कुमार सहित लोग उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश में 418 आयुष चिकित्सकों की जल्द होगी भर्ती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में 418 आयुष चिकित्सकों की जल्द भर्ती की जाएगी। आयुष विभाग की ओर से इन डाक्टरों की भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है। 250 होम्योपैथिक चिकित्सकों व 168 आयुर्वेद के डाक्टरों की भर्ती की जाएगी। फिलहाल आयुर्वेद व होम्योपैथी के डिग्री धारक युवाओं को नौकरी के लिए अवसर मिलेगा। जल्द भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। होम्योपैथिक व आयुर्वेद में डाक्टरों की कमी इससे दूर होगी। अभी आयुर्वेद व होम्योपैथिक अस्पतालों में डाक्टरों की कमी के कारण उपचार करना कठिन होता है। खाली पदों पर भर्ती होने से लोगों को आसानी से इलाज मिल सकेगा। बैचलर आफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस) डिग्री धारक युवाओं को होम्योपैथिक चिकित्सक और बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) की डिग्री धारक आयुर्वेद डाक्टर बनने का अवसर मिलेगा।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एससी-एसटी वर्ग की समस्या का करें समाधान, सीएम योगी ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्षों व सदस्यों को नियमित बैठक कर लंबित मामलों को मेरिट के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग से भी बैठकें की जाएं, जिससे जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। शिकायतों का निस्तारण मेरिट के आधार पर किया जाए। प्रत्येक बैठक से संबंधित कार्यवृत्त अवश्य तैयार करें, ताकि नीति निर्धारण के समय इसकी सहायता ली जा सके। किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश

आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ



अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसहर, थारू, चेरो, सहरिया आदि जनजातियों को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, सड़क कनेक्टिविटी, राशन कार्ड सहित सभी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। टीमें बनाकर पहले चरण में मंडल और दूसरे चरण में जिला स्तर पर भ्रमण कर समाज के लोगों से संवाद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही निशुल्क कोचिंग की समीक्षा करे। छात्रावासों का भ्रमण कर वहां साफ-सफाई व अन्य सुविधाएं सुनिश्चित कराए और विद्यार्थियों से संवाद बनाकर उनकी मनोस्थिति का आकलन करे। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से जुड़े लोगों के साथ कोई घटना घटित होने पर प्रशासन से समन्वय बनाकर आयोग उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराए। आयोग के कार्यालय में एक उचित मैकेनिज्म बनाकर कार्य किया जाए। पदाधिकारियों के बीच कार्य का उचित वितरण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 56 लाख से अधिक गरीब आवासहीन परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोल, सहरिया व थारू सहित लगभग सभी जनजाति परिवारों को शत-प्रतिशत आवास उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.86 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बना है। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के बच्चों की स्कालरशिप में कई गुणा वृद्धि की गई है।

# सपा का भी जम्मू-कश्मीर के नतीजों से टूटा सपना

### हरियाणा के चुनाव मैदान में उतरी ही नहीं थी पार्टी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों से सपा मुखिया अखिलेश यादव का पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने का सपना टूटता दिखाई दे रहा है। हाल ही के लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित अखिलेश दूसरे राज्यों में भी पार्टी का खाता खोलना चाहते हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर में पार्टी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकी। हरियाणा के चुनाव मैदान में तो पार्टी ने अबकी प्रत्याशी ही नहीं उतारे। जम्मू-कश्मीर में सपा का खाता खोलने के लिए अखिलेश ने वहां की 20 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। सपा जिन सीटों पर चुनाव लड़ी, उन पर उसे लगभग 8,300 वोट मिले जोकि कुल मतों का 0.14 प्रतिशत है। वर्ष 2014 के चुनाव में कश्मीर की सात



विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाली सपा को 4,985 वोट मिले थे जोकि 0.10 प्रतिशत था। सपा ने वर्ष 2008 में 36 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 24,194 वोटों के साथ 0.61 प्रतिशत वोट मिले थे। सपा को अबकी सबसे ज्यादा 1,695 वोट बांदीपोरा सीट पर मिले हैं। वहीं, वगूरा क्रीरी में सपा को 366 तो जनता दल यूनाइटेड को 2,587, पट्टन में सपा को 326 व आरएलडी को 644, रफीयाबाद में सपा को 396, जबकि उससे ज्यादा आरएलडी को 549 वोट मिले हैं।

# सौ से अधिक कुलियों ने भी ली भाजपा की सदस्यता

### भाजपा नेता नीरज सिंह ने दिलाई सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ महानगर में पार्टी पदाधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों ने वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया। चारबाग स्थित रेलवे लाइन के प्रांगण और डालीगंज बाजार में आयोजित भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान के तहत अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान के सहसंयोजक नीरज सिंह एवं लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा से जोड़ा। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने कलेक्ट्रेट में लखनऊ बार एसोसिएशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वकीलों को मिस्ड कॉल के माध्यम से भाजपा सदस्य बनाया। विधि प्रकोष्ठ संयोजक के के मिश्रा, सहसंयोजक गजेंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान के सहसंयोजक



नीरज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार केंद्र में मोदी जी की सरकार एवं राज्य में योगी जी की सरकार ने सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है यही कारण है की बड़ी संख्या में लोग संगठन के पर्व सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं आज हमारे संगठन के इस पर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए आप सभी का मैं भाजपा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में लगभग सभी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ पदाधिकारी ने पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया है लेकिन 15 अक्टूबर तक अभियान निरंतर जारी रहेगा और समाज के हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर भाजपा सदस्य बनाने का प्रयास करेंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में घनश्याम अग्रवाल, रमन निगम, राकेश कनौजिया, राम सुरेश, फतेह मोहम्मद, हामिद, मोतीलाल, नदीम, सिलु, अरुण कुमार यादव, शेर मोहम्मद, मुन्ना, मोहित, बादशाह सोनकर एवन सदस्यगण उपस्थित रहे।

# हरियाणा में बसपा की उम्मीदों पर फिरा पानी

## न खुला खाता, न आकाश आनंद कर सके कोई कमाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बसपा के कहीं से भी दिन बहुरते नहीं दिखाई दे रहे हैं। पार्टी का उत्तर प्रदेश में ही नहीं दूसरे राज्यों में भी जनाधार खिसकता जा रहा है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पार्टी को बड़ी उम्मीदें थी, लेकिन दोनों ही राज्यों में पार्टी न खाता खुला और न ही जनाधार बढ़ा। पिछले विधानसभा चुनाव से भी पार्टी के वोट घट गए हैं। हरियाणा में बेहतर प्रदर्शन के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) से गठबंधन करने के साथ ही अपने भतीजे और बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को पूरी तरह से लगाया था, लेकिन कोई कमाल न हो सका। नहीं मिला गठबंधन का फायदा हरियाणा में बसपा को अबकी 1.82 प्रतिशत (2,52,671) वोट मिले हैं, जबकि पांच वर्ष पहले के चुनाव में पार्टी ने इससे कहीं अधिक 4.14 प्रतिशत(5,18,842) वोट मिले थे। पार्टी का खाता खोलने के लिए



मायावती खुद कई चुनावी जनसभाएं कीं। आकाश आनंद लगातार वहां सभाएं व प्रचार वाहन के साथ चौपाल करते रहे। दावा किया गया था कि गठबंधन के चलते जाट व वंचित समाज के दम पर बसपा का न केवल जनाधार बढ़ेगा बल्कि खाता भी खुलेगा। मंगलवार को आए नतीजों से साफ है कि गठबंधन का फायदा बसपा को नहीं मिला।

### कांग्रेस को हुआ नुकसान

37 सीटों पर चुनाव लड़ी बसपा का वोट भले ही इनेलो को गया हो, लेकिन उसका वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं हुआ। हालांकि, वंचित समाज को लेकर मायावती के कांग्रेस पर हमलावर रहने से माना जा रहा है कि भले ही बसपा को फायदा न मिला हो, लेकिन कुछ सीटों पर कांग्रेस को जरूर नुकसान हुआ है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के 10 वर्ष बाद हुए चुनाव में बसपा अकेले ही मैदान में उतरी थी। पार्टी को इस बार मात्र 0.96 प्रतिशत (54,822) वोट मिले हैं। गौर करने की बात यह है कि वर्ष 2014 के चुनाव में बसपा को 1.41 प्रतिशत (67,786) वोट मिले थे। बसपा इस बात से संतोष कर सकती है कि वह कुछ सीटों पर सपा से आगे रही। मसलन, नगरोटा में सपा को सिर्फ 144 वोट मिले जबकि बसपा ने 791 वोट हासिल किए। विजयपुर में भी बसपा 544 वोट लेकर सपा से आगे रही। यहां सपा को 200 वोट ही मिले। चेनानी सीट पर भी बसपा 457 जबकि सपा को 223 वोट ही मिले। उल्लेखनीय है कि हाल ही के लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटने वाली बसपा का न राज्यसभा और न ही उत्तर प्रदेश विधान परिषद में कोई सदस्य है। मात्र एक सदस्य उत्तर प्रदेश की विधानसभा में है।

# पूर्व आइएएस मोहिंदर सिंह की बढ़ी मुश्किलें

### 2007 के स्मारक घोटाले में फंसे; इसी माह नोटिस देने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप से घिरे पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह की मुश्किलें और बढ़ेंगी। बसपा सरकार में हुए बहुचर्चित स्मारक घोटाले में सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने मोहिंदर सिंह की भूमिका की जांच तेज की है। सूत्रों के अनुसार बसपा सरकार में प्रमुख सचिव, आवास व शहरी नियोजन के पद पर रहते हुए उन्होंने वर्ष 2007 में स्मारकों के निर्माण के लिए बिना प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के धन आवंटित किया था। इसके लिए कार्यदायी संस्था को भी नामित नहीं किया गया था। विजिलेंस ने पूर्व आइएएस अधिकारी को सात अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया था पर वह नहीं आए। विजिलेंस नोटिस जारी कर इसी माह उन्हें पूछताछ के लिए फिर तलब करेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूछताछ के लिए मोहिंदर सिंह को नोटिस जारी की थी पर वह सामने नहीं आए थे। उन्होंने बीमारी का हवाला देकर जांच एजेंसी से समय मांगा था। बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ के स्माकर घोटाले की जांच विजिलेंस कर रहा है। विजिलेंस ने एक जनवरी, 2014 में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी व बाबू सिंह कुशवाहा समेत 199 आरोपितों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई थी। स्मारक घोटाले में कुछ अन्य तत्कालीन आइएएस अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में रही है। मोहिंदर सिंह सुप्रीमो मायावती के करीबी अधिकारियों में गिने जाता था। वह आवास विकास विभाग के मुखिया व नोएडा अथारिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

# ईओ पर तहसील दिवस में गलत रिपोर्ट प्रेषित करने का लगा आरोप, मंडलायुक्त से शिकायत

### (मंडलायुक्त ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये मोहनलालगंज एसडीएम को दिए जांच के निर्देश, कार्यवाही के लिये तलब की रिपोट)

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। तहसील समाधान दिवस के शिकायती पत्र पर मोहनलालगंज नगर पंचायत के ईओ द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने के मामले में भाजपा सभासद ने मंडलायुक्त से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। मंडलायुक्त ने एसडीएम मोहनलालगंज को जांच कर कार्यवाही के लिये रिपोर्ट तलब की है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब से उनके कार्यालय में मिलकर शिकायती पत्र देते हुये बताया कि नगर पंचायत मोहनलालगंज के वार्ड -12 मऊ गांव में तालाब के ओवरफ्लो जल निकासी के लिए दूसरे तालाब को मिलाने वाली नाली का निर्माण होना था परन्तु ईओ मनीष राय व अवर अभियंता रमन कुमार सिंह की साठ-गांठ से वैभव इन्टर प्राइजेज के ठेकेदार द्वारा कार्य की उपयोगिता को नजर अंदाज कर घटिया नाली का निर्माण आधा अधूरा छोड़कर भुगतान प्राप्त कर लिया गया है। जिससे नाली निर्माण का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ वहीं सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पर मंडलायुक्त ने ईओ मनीष राय को कार्य पूर्ण करने एवं ठेकेदार पर जुमार्ना लगाने का स्पष्ट निर्देश दिया था।लेकिन बिना किसी कार्यवाही के ईओ मनीष राय ने मंडलायुक्त के आदेश को दरकिनार करते हुए तहसील समाधान दिवस की शिकायत सं. 3008224001259 पर कागजी खाना पूर्ति में तथ्य हीन रिपोर्ट में लिखा कि उपरोक्त प्रकरण के अंतर्गत संबंधित कार्य में अवर अभियंता व सहायक अभियंता की देखरेख में आगणन तैयार कर कार्य को पूर्ण कराया गया है।भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने गत 30 सितम्बर को मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि नगर पंचायत मोहनलालगंज के ईओ मनीष राय ने तहसील समाधान दिवस की शिकायत पर झूठी रिपोर्ट लगाकर बिना किसी कार्यवाही एवं शिकायतकर्ता को सूचित किए बगैर मामले की लीपापोती कर निस्तारित कर दिया है।जबकि नाली का घटिया एवं अधूरा निर्माण जस का तस मौके पर है इस सम्पूर्ण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश कुमार वर्मा को कराये गये कार्यो की स्थलीय जांच कर कार्यवाही के लिये रिपोट तलब की है।

# तेज रफ्तार में कार निकालने का विरोध करने पर ग्रामीणों से मारपीट की कोशिश

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। पुरहिया गांव में एक कार सवार ने टोल बचाने के चक्कर मे तेज रफ्तार में फिल्मी अंदाज में गाड़ी निकाली। ग्रामीणों ने कार सवारो को रोककर धीमी गति से गाड़ी चलाने की बात कही तो ये बात उन्हे नागवार गुजरी जिसके बाद कार सवारो ने अवैध असलहे व डंडे निकालकर गाली-गालौज करते हुये मारपीट की कोशिश की।नाराज ग्रामीणो ने कार सवारो को घेर लिया तो भगाने के चक्कर में ग्रामीणो को टक्कर मारते हुये कार चढाने का भी प्रयास भी किया।

ग्रामीणो ने निगोहां पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।निगोहां के पुरहिया गांव निवासी विष्णु गोपाल बाजपेयी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते कई दिनो से उनके घर के सामने से बनी सड़क से रायबरेली के सुदौली गांव निवासी मोबीन तेज रफ्तार में कार निकाल रहे थे जिसके चलते कभी भी कोई हादसा हो सकता था, ग्रामीणो ने धीमी स्पीड में गाड़ी चलाने की बात कही तो ये बात उसे नागवार गुजरी, अगले दिन सोमवार को टोल टैक्स बचाने के चक्कर में मोबीन अपने साथियों संग असलहो व डंडो से लैस होजर तेज रफ्तार कार निकले तो नाराज ग्रामीणो ने रोक लिया।जिसके बाद कार में सवार लोग असलहे व डंडे हाथो में लेकर बाहर निकलकर गाली-गालौज करते हुये मारपीट की कोशिश करने लगे।ग्रामीणो से खुद को घिरता देख मोबीन व उसके साथी भगाने के चक्कर में ग्रामीणो को टक्कर मारते हुये गाड़ी चढाकर जान से मारने का प्रयास किया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया दोनो पक्षो ने तहरीर दी है मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### अपराध से है पुराना नाता.....

ग्रामीणो ने बताया कि कार चढाने का प्रयास करने वाले मोबिन का भाई हत्या और हत्या की साजिश में काफी दिनों तक जेल में रहे।साथ ही एक भाई अभी कुछ दिन पहले जिला बदर भी रह चुका है।दो दशक पहले इन्ही के पिता द्वारा कच्चे माल की सप्लाई से बनने वाली जहरीली शराब से कई लोगो की जाने गई थी।ग्रामीणो ने बताया आरोपी व उसके भाई दबंग किस्म के पुलिस के द्वारा कार्यवाही ना करने पर कभी भी कोई बड़ी घटना को अजांम दे सकते है।

# केवट ने राम सीता तथा लक्ष्मण को पार कराई गंगा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग में पार्वतीय रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के तृतीय दिवस में राम वनवास के साथ लीला प्रारम्भ हुई। राम वनवास के दृश्य को देखकर पंडाल में बैठे दर्शकों की आँखों में आंसू आ गए। सुमंत राम लक्ष्मण सीता जी को लेकर गंगा तट की और चल देतें हैं। गंगा तट में केवट उनके पैर धोकर नाव में बैठाते हैं ताकि उनकी नाव स्त्री ना बन जाए अहिलिया की तरह गंगा पार करने के बाद केवट को रामजी उत्तराई में मुद्रीका देतें हैं परन्तु वह लेने से मना कर देतें हैं राम जी के शौक में राजा दशरथ की मृत्यु हो जाती हैं भरत और शत्रुघ्न अपने ननिहाल से वापस



आते हैं भरत इस पुरे प्रकरण में अपने को दोषी मानते हैं केकई को बहुत बुरा भला कहते हैं बड़े भाई को मानाने चित्रकूट की ओर चल देतें हैं साथ में कौशल्या केकई और सुमित्रा माताएं भी जाती हैं । पिता को दिए हुऐ वचनो को पूर्ण करने के लिए वह भरत के साथ अयोध्या नहीं जाते हैं, बड़े भाई राम जी की पादुकाओं को लेकर वह अयोध्या की और चल देतें हैं । राम की भूमिका में राहुल फर्तियाल, सीता - सिमरन रावत , लक्ष्मण सौम्य फुलारा, भरत - उत्कर्ष जोशी, सीता - सिमरन रावत , केवट- तेज प्रकाश जोशी, केकई - मोनिका महरा, वशिष्ठ मुनि - नवीन चंद्र बहुगुणा, मंथरा - बबीता जोशी, शत्रुघ्न - राघव बिष्ट दशरथ - हेमचंद तिवारी , सुमंत - हेम चंद्र जोशी, निषाद - हरीश तिवारी रहे।

# निष्कासित मैनेजर ने प्रशासनिक अधिकारी को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

### (सरदार पटेल इंस्टीट्यूट आँफ आयुर्वेदिक मेडिकल सांइसेज एण्ड रिसर्च सेंटर के प्रशासनिक अधिकारी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पूर्व मैनेजर पर मुकदमा दर्ज)

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के कनकहा में स्थित सरदार पटेल इंस्टीट्यूट आँफ आयुर्वेदिक मेडिकल सांइसेज एण्ड रिसर्च सेंटर के उपप्रधानाचार्य के घर जाकर मारपीट के मामले में संस्थान से निष्कासित मैनेजर द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को जान से मारने की धमकाने देने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पूर्व मैनेजर पर जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी पीयूष सिंह निवासी इन्द्रानगर जनपद उन्नाव ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया संस्थान के उप्रधानाचार्य के घर जाकर मारपीट करने के मामले में मैनेजर रोहित सिंह को मार्च 2023 तत्काल प्रभाव से कालेज से निष्कासित कर दिया था जिसके बाद से वो आये दिन संस्थान में कार्यरत फैकल्टी व कर्मचारियो को धमकाते हुये कालेज ना छोड़ने पर अजांम भुगतने की धमकी दी जारी थी।मुझे भी फोन कर पूर्व मैनेजर द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया संस्थान के प्रशासनिक अफसर की तहरीर पर पूर्व मैनेजर पर जान से मारने धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# महाकुंभ के प्रचार के लिए सभी मंडलों में होगी कुंभ समिट

### 50 करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी माह में आयोजित होने वाले महाकुंभ के प्रचार के लिए संस्कृति विभाग सभी मंडलों में कुंभ समिट का आयोजन करेगा। साथ ही विभिन्न राज्यों व कई देशों में भी रोड शो निकाल कर महाकुंभ का प्रचार किया जाएगा। इस बार महाकुंभ में 50 करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। पिछले महाकुंभ में 24 करोड़ पर्यटकों व श्रद्धालु आए थे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में पत्रकारों को बताया कि महाकुंभ के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश के सभी मंडलों में कुंभ समिट का आयोजन किया जा रहा है। 8-9 अक्टूबर को लखनऊ, 11-12 अक्टूबर को झांसी, 14-15 अक्टूबर को वाराणसी, 17-18 अक्टूबर को चित्रकूट में कुंभ समिट आयोजित की जाएगी।

इसके बाद कानपुर, अयोध्या, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर, देवीपाटन, बस्ती मंडल में भी समिट का आयोजन किया जाएगा। समिट का समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर तक महाकुंभ के आयोजन से संबंधित सारे कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसके बाद कभी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा हो सकता है।

उन्होंने बताया कि मंडलों में आयोजित कुंभ समिट के अंतर्गत कुंभ रोड-शो, बाल-युवा कुंभ, शक्ति कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, तथा भक्ति कुंभ जैसे कार्यक्रम सम्पन्न कराए जाएंगे। अब तक संस्कृति विभाग ने 12,600 लोक कलाकारों का पंजीकरण कर लिया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रदेशों के साथ, नेपाल, कंबोडिया, मारीशस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, सिंगापुर, थाईलैंड व यूनाइटेड किंगडम में भी महाकुंभ को लेकर रोड शो निकाले जाएंगे।

## संक्षेप

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला समेत दो घायल

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मूसेपुर गांव के सामने लखनऊ तरफ से आ रही कार ने मियागंज साइड से बाइक को टक्कर मार दिए। जिससे ससुराल हिलालमऊ जा रहे बाइक सवार सर्वेश पुत्र पोहकर, पत्नी गुड़िया,पुत्र विवेक निवासी रजापुर हसनगंज घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज पहुंचाया जिसमे सर्वेश गंभीर रूप से घायल हैं। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि कार और मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे हसनगंज सीएससी में भर्ती कराया गया।

### प्रशासन की अनदेखी से मालभाड़ा वाहनों में ढोई जा रही सवारियां

हमीरपुर। परिवहन एवं यातायात विभाग की अनदेखी से माल भाडा ढोये जाने वाले वाहनों में लोगों को ढोया जाता है। यहीं अनदेखी कभी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अभी हाल में मिजार्पुर एवं महोबा में ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोगों के साथ हुए हादसे के बाद प्रशासन सतर्क नहीं हो सका है। यही कारण है कि हाईवे सहित स्टेट हाईवे में प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्राली में लोग बैठकर फरार्टा भर रहे हैं। इसके अलावा लोडर में भी सवारियों को भरकर चलाया जा रहा है ।जबकि यह सभी वाहन महज मालभाड़ा ढोने के लिए अधिकृत है। इसके बाद इनको सवारियां भरकर चलाया जा रहा है। प्रशासन की यह अनदेखी कभी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

### फिल्म कजिन ईशा की अभिनेत्री होंगी हर्षिता केवलरामानी

#### तत्क्षण के बाद विक्रांत राय की अगली फिल्म कजिन ईशा

हमीरपुर। आगामी आठ नवंबर से फिल्म अभिनेता विक्रांत राय की फिल्म कजिन ईशा की उन्नाव में शुरू होने वाली शूटिंग के लिए अभिनेत्री का चयन हो गया है। फिल्म में हर्षिता केवलरामानी अभिनेत्री की भूमिका अदा करेंगी। उन्नाव के भगवंत नगर के आसपास आगामी 8 नवंबर से शुरू होने वाली फिल्म की शूटिंग कजिन ईशा की लोकेशन देखकर वापस मुंबई जाते समय सुमेरपुर कस्बे के लॉज में ठहरे फिल्म अभिनेता विक्रांत राय ने यह जानकारी मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के निवासी तत्क्षण फिल्म में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विक्रांत राय ने बताया कि उनकी आगामी फिल्म कजिन ईशा की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म के कुछ हिस्सों को उन्नाव के भगवंत नगर में फिल्माया जाना है। इस फिल्म में टीवी की मशहूर कलाकार हर्षिता केवलरामानी अभिनेत्री की भूमिका निभाएंगी। इसके पूर्व वह फिल्म फ्रेडी में अभिनय कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि आगामी आठ नवंबर से फिल्म की शूटिंग भगवंत नगर में होनी है। उसके लिए लोकेशन देखी गई है। अब वह फिल्म की शूटिंग के लिए टीम के साथ पांच नवंबर को मुंबई से भगवंत नगर आएंगे। उन्नाव की लोकेशन से वापस जाते समय वह कुछ देर के लिए सुमेरपुर कस्बे के एक रेस्टोरेंट में ठहरे हुए थे।

# राम लीला चौथे दिवस में धनुष यज्ञ लीला का किया गया मंचन

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के बूढ़े बाबा बाजार प्रांगण में द्विवेदी बंधुओ द्वारा आयोजित रामलीला के आयोजन में चौथे दिवस धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। धनुष यज्ञ लीला में कलाकारों द्वारा श्रंगार रस करुण रस एवं वीर रस में बोले गए संवादों ने दर्शकों को पूरी रात रोमांचित किया। धनुष यज्ञ कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में नृत्यांगनाओं के नृत्य एवं विदूषकों के हास्य रस का भी दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत के बूढ़े बाबा बाजार प्रांगण में द्विवेदी बंधुओ द्वारा आदर्श रामलीला समिति के बैनर तले आयोजित रामलीला के आयोजन में बीती रात्रि विशाल धनुष भंग लीला का आयोजन किया गया ।जनपद कानपुर के चौबेपुर से आए जय हनुमान मण्डल के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा किए गए धनुष यज्ञ लीला के मंचन में राजा जनक द्वारा अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया ।जिसमें आए देश देशांतर के राजाओं साथ आये रावण और बाणासुर में जमकर वीर रस में वाक युद्ध हुआ जिसमें रावण के शास्त्र ज्ञान से बाणासुर भी पीछे नहीं रहें ।देश देशांतर के राजाओं ने भी धनुष उठाने का असफल प्रयास किया किन्तु सभी को निराशा ही हाथ लगी। सीता के योग्य वर न मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप से दर्शक भी अश्रुपूरित हो गये ।किसी भी राजा द्वारा धनुष न उठा पाने से निराश जनक ने राजाओं से कहा बीर बिहीन मही मैं जानी ।तजहु आस निज निज गृह जाऊ। लिखा न बिधि बैदेही विवाहू ।।राजा जनक के शब्द सुन लक्ष्मण जी क्रोधित हो गये जिन्हें प्रभु श्रीराम ने शांत कराया। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष का खंडन कर दिया। तो समूचे दर्शक दीर्घा में जै श्री राम का उद्घोष गूंजने लगा जनक नंदनी सीता द्वारा प्रभु श्री राम को वर माला पहनाई गई। शिव शंकर के धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महिद्राचल पर तपस्या में लीन भगवान परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। वह मिथिलापुरी जा पहुंचे और राजा जनक से धनुष तोड़ने वाले के बारे में जानकारी ली। परशुराम कहते हैं कि बेगि दिखाव मूढ न तो आजू ऊलटहुं महि जहंलौ युवराजू।

श्री राम जी परशुराम को शांत करने का प्रयास करते रहे। लेकिन उनके शांत ना होने पर लक्ष्मण कहते हैं बहु धनुही तोरी लरिकाई कबहु न असरिष कीन्ह गोसाईं, यहि धनु पर ममता केहि हेतू। लक्ष्मण के शब्द सुनकर परशुराम का क्रोध अधिक बढ़ जाता है। परशुराम और लक्षमाण के बीच हुये बीर रश, और श्रंगार रश के वाक युद्ध के दौरान प्रांगण में तालियाँ गूँजती रही। भगवान राम द्वारा अपने भाई की प्राणों की रक्षा हेतु किये गये करुण विलाप ने उपस्थिति जनमानस को करुण रश में डुबा दिया ।श्रीराम व लक्ष्मण के स्वभाव को देख परशुराम जी विस्मय में पड़ गए इसी समय भगवान राम ने परशुराम को गूढ़ वचन सुनाए विप्र वंश की अस प्रभुताई, अभय होई जो तुमही डराई सुनी मृदु वचन रघुपति के,उघरे पटल परसु धर मति के प्रभु श्री राम के वचन सुनते ही भगवान परशुराम ने विष्णु अवतार प्रभु राम को पहचान लिया, जिसके बाद मुस्कुराते हुए परशुराम ने भगवान राम को धनुष देते हुए उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं। प्रभु द्वारा चाप चढ़ाते ही भगवान परशुराम ने पूर्व दिशा में बाण चलाने का निवेदन किया, प्रभु श्रीराम ने पूरब दिशा में बाण चला कर भगवान परशुराम के अंहकार जनित क्रोध का नाश कर दिया ।इस दौरान नगर पंचायत के चैयरमैन मिथिलेश जायसवाल, नगर पंचायत सभासद,क्षेत्र के कई जन प्रतिनिधियों भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। रामलीला के आयोजक अजय द्विवेदी और संजय द्विवेदी आदि द्वारा अतिथियों एवं आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया गया तथा सहयोग के लिये धन्यवाद भी दिया।

# उप निबंधन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने लगाए मुर्दाबाद के नारे

**अमन लेखनी समाचार**



हसमागंज, उन्नाव। बार एसोसिएशन अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने रजिस्ट्री कार्यालय में व्यापत भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर मुदार्बाद के नारे लगाकर दो दिनों तक रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार कर दिया। हसनगंज तहसील परिसर में स्थित उप निबंधक कार्यालय में सोमवार बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह व महामंत्री राजीव सिंह के नेतृत्व में आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय में व्यापत भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर बैठ कर मुदार्बाद के नारे लगाने लगे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह ने बताया कि उप निबंधक लक्ष्मी यादव द्वारा आए हुए क्रेता,विक्रेताओं व अधिवक्ताओं से अभद्रता पूर्ण बात की जाती है। बैनामा लीगल होने के बावजूद भी रजिस्टर द्वारा कमियां निकाल कर वापस कर दिया जाता है ।रजिस्ट्री कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों का बोलबाला है। अधिवक्ताओं ने दो दिनों तक रजिस्ट्री न करने का बहिष्कार कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूला युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी एक युवक संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजन उसे फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी सर्वेश 30 वर्ष पुत्र पुत्तीलाल को परिजन देर रात करीब साढ़े 9 बजे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इमरजेंसी कक्ष में मौजूद डॉक्टर ने परिजनों से युवक की मौत का कारण पूछा। लेकिन परिजन घटना के बाबत बात करने से कतराते रहे। डॉक्टर द्वारा मृतक के शरीर की जांच की गई तो उसके गले में फांसी के फंदे का निशान दिखाई दिया। यह देखकर डॉक्टर ने तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। हालांकि चिकित्सक द्वारा युवक को मृत घोषित करते ही परिजन शव लेकर अपने घर चले गए।

## चोरों के बढ़ते आतंक दहशत का बना रहता माहौल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आवास विकास कालोनी ए ब्लॉक में चोरों के बढ़ते आतंक ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। यहां पिछले कुछ हफ्तों में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। चोरों के इस बढ़ते आतंक के चलते अब घर के सदस्य पुलिस के साथ मिलकर गलियों में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से पहले समय रहते निपटा जा सके ।स्थानीय निवासी बताते हैं कि पिछले कुछ समय से आवास विकास कालोनी के ए ब्लॉक में चोरी की घटनाओं में तेजी आई है। दिन-रात के समय में लोग अपने घरों में चैन से सो नहीं पा रहे हैं। रात को जैसे ही अंधेरा होता है लोग अपने घरों की छत पर चढ़कर जागने लगे हैं और कभी-कभी तो पुलिस के साथ मिलकर गश्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है ।स्थानीय निवासी विजय यादव ने बताया, ₹पिछले कुछ दिनों में हमारे मोहल्ले में तीन बार संदिग्ध दिख चुके है, अब हमें अपने घरों में सोने से पहले कई बार सोचना पड़ता है, और कई बार तो हम रातभर जागकर घर की निगरानी करते हैं ।₹पुलिस की भूमिका और बढ़ती समस्याएं पुलिस भी इस स्थिति से परेशान है। उन्नाव जिले के विभिन्न धाना क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाओं के कारण पुलिस की मुसीबतें बढ़ गई हैं। पुलिस का कहना है कि इलाके में गश्त बढ़ाई गई है, लेकिन फिर भी चोरों के सक्रिय होने की खबरें लगातार आ रही हैं ।उन्नाव कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने कहा, ₹हम लगातार इलाके में गश्त बढ़ा रहे हैं और पुलिस की टीमों को चौकस किया गया है। हालांकि, इन घटनाओं को रोकना आसान नहीं है क्योंकि चोर बहुत सतर्क और संगठित हैं। हम सभी को निर्देशित कर रहे हैं कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और लोगों को भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें।

# मेले भाईचारा एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं : अनिल दुबे

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव 09अक्टूबर । उन्नाव जिले के ग्राम सिरवइयां मेंआदि शक्ति मां पूर्वी देवी मंदिर में सदैव की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता अनिल दुबे ने किया ।इस अवसर पर भाजपा नेता पी0के0 दीक्षित आर एल डी के महासचिव मनोज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे मेला संचालक सतीश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि श्री दुबे व अन्य को पगड़ी, स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र देकर किया एवं 21किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। मेले में आई क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि मेले सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं और आज इनसे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है । उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा आदि शक्ति मां पूर्वी देवी के इस प्राचीन मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए सार्थक प्रयास करेंगे ।उन्होंने कहा कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी देश के युवाओं के कौशल विकास हेतु सभी जगहों पर रोजगार मेलों का अयोजन कर रहे हैं जिनमे युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए रालोद ने एन डी ए से समझौता किया है शीघ्र ही इसके परिणाम सामने आएंगे ।सिरवइयां आगमन पर कालू खेड़ा में कार्यकताओं व समर्थकों ने श्री दुबे का जोरदार स्वागत किया तथा जुलूस के साथ आयोजन स्थल तक ले गए।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत लोगो जागरूक कर दिलाई शपथ

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। ए० आर० टी०ओ का सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर एक्शन लोगों को जागरुक करने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत दो अक्टूबर से चलाए जा रहे अभियान में सक्रिय ए आर०टी०ओ० अरविंद सिंह द्वारा शैक्षिक संस्थानों में जाकर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक करके शपथ दिलाई गई। असोहा क्षेत्र के मिर्री कला में महात्मा गांधी इंटर कालेज में समस्त छात्र छात्राओं को समस्त स्टॉफ को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बारे में विधिवत जागरुक करके शपथ दिलाई गई कि कोई भी व्यक्ति बिना हेल्मेट के मोटर साइकिल नही चलाएगा और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेगा कोई भी वाहन चलाते समय शराब बिलकुल भी नहीं पिएगा और न ही मोबाइल से बात करेगा। ए आर टी ओ ने जागरुक किया छात्र छात्राओं से अपील की अपने अपने अभिभावकों को भी आप लोग जागरुक करें और नियमों का पालन करें। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी स्वयंवर राजपूत भी मौजूद रहे। प्राचार्य शिवेंद्र मिश्रा छोटेलाल राजपूत, राम मिलन कुशवाहा, जय प्रकाश चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा पखवाड़ा 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# क्षेत्र का भ्रमण कर टीम ने मिट्टी पानी का लिया सैंपल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में उद्यम लगाने की संभावनाओं की जांच के लिए संयुक्त अरब अमीरात के एक्वा कल्चर कंपनी की 3 सदस्यीय टीम उन्नाव के सराय कटियान गांव पहुंची ।यह कंपनी उन्नाव में मछली पालन के लिए संभावनाएं तलाशने के लिए आई थी। टीम ने क्षेत्र का भ्रमण किया और यहां की मिट्टी व पानी का सैंपल लिया। यह कदम इस क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों खासकर मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है ।जानकारी के अनुसार टीम में कंपनी की निदेशक हेना और उनके दो अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने सबसे पहले क्षेत्र की भौतिक स्थितियों का जायजा लिया और यह जानने की कोशिश की कि क्या यह क्षेत्र मछली पालन के लिए उपयुक्त है। इसके बाद टीम ने मिट्टी का सैंपल लिया, ताकि यह आकलन किया जा सके कि यहां के पर्यावरणीय और भौतिक तत्व मछली पालन के लिए कितने अनुकूल हैं ।टीम ने आसपास के पानी का भी निरीक्षण किया और पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए एक मशीन का इस्तेमाल किया। हालांकि इस जांच से केवल पानी की तत्काल स्थिति का अनुमान लगाया गया, जबकि विस्तृत परीक्षण के लिए पानी के सैंपल को लैब में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कंपनी ने इस क्षेत्र में मछली पालन के लिए 50 एकड़ भूमि का प्रस्ताव रखा है। एस डी एम सदर क्षितिज द्विवेदी ने कहा कि टीम ने सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की और जल्द ही इस पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी ।क्षेत्र का दौरान करने के बाद टीम ने एस डी एम के साथ बैठक कर क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और परिवहन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। टीम के अधिकारियों ने बताया कि मछली पालन में सबसे अधिक पानी का उपयोग होता है, इसलिए इस क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए एक मजबूत ड्रेनेज सिस्टम की आवश्यकता होगी ।टीम ने बताया कि उनकी योजना सिर्फ क्षेत्र में मछली पालन तक सीमित नहीं, बल्कि इस परियोजना से स्थानीय किसानों की आमदनी भी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए किसानों को भी इस परियोजना में शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मछली पालन के उद्योग से संबंधित कार्यों में स्थानीय किसानों को रोजगार देने के अवसर पैदा किए जाएंगे। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकेगा ।बता दें कि इससे पहले कंपनी के अधिकारी बाराबंकी में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्नाव के बाद अब उनका अगला पड़ाव गाजीपुर है। टीम ने बताया कि वे सभी जगहों की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं और 15 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्य सचिव के साथ होने वाली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस बैठक में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में उद्यम लगाने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यह परियोजना इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश बढ़ाने के लिए तैयार की गई है। इससे न केवल क्षेत्र की औद्योगिक वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति भी सुधारेगी।

# डिग्री कॉलेज परिसर में भाजपा नेता व बच्चो ने किया पौधारोपण



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। पौधारोपण महाअभियान को गति देते हुए भाजपा नेता ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा गया की पौधों का रोपण करके ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है। मंगलवार को सुमेरपुर स्थित बाबू जयशंकर प्रसाद डिग्री कॉलेज में भाजपा नेता संजय शुक्ला ने शिक्षक व बच्चों सहित परिसर में पौधारोपण किया वहीँ भाजपा नेता संजय शुक्ला ने पेड़-पौधों को जीवन के लिए अमूल्य बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की बात कही साथ ही 11 पौधे भी लगाए और कॉलेज में उपस्थित अध्यापकों व बच्चों को पौधे वितरित किए वहीँ आशीष अवस्थी ने बताया कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाने मे सहयोगी हैं। साथ ही हमें फल, फूल व लकड़ियां प्रदान करते हैं। इस दौरान पिंटू सिंह, अमित मिश्रा, पुष्पेंद्र कुमार, मयंक लोधी ,राकेश सिंह ,आकांक्षा सिंह ,लक्ष्मी देवी, कुमारी पूजा ,बबलू ,सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ लिया भाग

**अमन लेखनी समाचार**




सफीपुर, उन्नाव। झलरिया बाबा मंदिर समिति और लाइफ सेवर्स के संयुक्त प्रयास से झलरिया बाबा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ धनंजय सिंह ने किया, जिन्होंने अपने जीवन का तीसरा रक्तदान किया ।शिविर में कोरारी कला निवासी अनूप कुशवाहा ने 22वीं बार रक्तदान किया, जो शिविर का मुख्य आकर्षण बना। मोहित कुमार उदसाह ने 14वीं बार रक्तदान किया, जबकि विपुल कुमार सुल्तानपुर ने पांचवीं बार, मोहित मौर्य बांगरमऊ ने 16वीं बार और शीलू गुप्ता मियागंज ने 8वीं बार रक्तदान किया। अधिवक्ता विकास तिवारी ने व्रत रखते हुए रक्तदान किया, जिससे उन्होंने समाज को एक नई प्रेरणा दी ।लाइफ सेवर्स के अध्यक्ष अनुराग राठौर ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए कहा कि, ₹रक्तदान ही महादान है, क्योंकि इसका निर्माण केवल मानव शरीर में ही हो सकता है। इसमें जाति, धर्म और मजहब की कोई बंदिश नहीं होती ।₹ उन्होंने सभी से अपील की कि वे रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे समाज के जरूरतमंदों की सहायता हो सके ।ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. अनुराग कुमार, अनुराग राठौर और वेद प्रकाश साहू द्वारा सभी रक्तदाताओं को पगड़ी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजू चौरसिया के साथ निर्मेश पटेल, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# लूट के मामले में व्यापारियों ने एसपी से की मुलाकात

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। सर्राफ व्यापारी के साथ हुई हालिया लूट के मामले में असंतुष्ट व्यापारियों ने एसपी दीपक भूकर से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने न केवल लूट के मामले में पूरी बरामदगी की मांग की, बल्कि शहर में बढ़ती चोरी और लूट की घटनाओं के खिलाफ अपनी सुरक्षा की चिंता भी जताई ।व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने एसपी से स्पष्ट किया कि लूट की गई संपत्ति की पूरी बरामदगी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्नाव में व्यापारी समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एसपी दीपक भूकर ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह से तत्पर है ।उन्नाव शहर कोतवाली के दोस्ती नगर पुलिस चौकी के पास बीते शुक्रवार को लगभग 12 लाख रुपये की लूट हुई थी। बाइक सवार लुटेरों ने तमंचे के बल पर व्यापारी पिता-पुत्र से यह लूट की। लूट की सूचना मिलने के बाद एसपी और आईजी रेंज प्रशांत कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की ।एसपी ने मामले की जांच के लिए पांच अलग-अलग टीमों का गठन किया था। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की और लुटेरों के बीच माल बंटवारे को लेकर झगड़ा होने पर ग्रामीणों से सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें मुठभेड़ भी शामिल थी, जिसमें दोनों आरोपी घायल हुए थे। इस मुठभेड़ के बाद लूट का माल भी बरामद कर लिया गया था ।हालांकि, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी इस खुलासे से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लूट की पूरी संपत्ति बरामद नहीं की गई है। उन्होंने एसपी से मांग की कि लुटेरों से शत-प्रतिशत माल बरामद किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए जाएं। अखिलेश अवस्थी ने कहा कि उन्हें व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर हर महीने बैठक करनी चाहिए, ताकि सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की जा सके और व्यापारी समुदाय को सुरक्षित महसूस हो सके। एसपी ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि व्यापारी मंडल की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## पीआरवी कर्मियों व महिला के बीच हाथापाई का वीडियो वायरल

मौदहा। नेशनल हाइवे किनारे हाथापाई का एक वीडियो वायरल होने पर पुलिस द्वारा प्रतिक्रिया देकर घटना का पटाक्षेप किया गया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बड़े चौराहे के पास के इस वीडियो मे पीआरवी कर्मियों व महिला के बीच हाथापाई होते नजर आ रही है। जिसमें अज्ञात कारणों के चलते महिला और पुलिसकर्मियों के बीच बहसबाजी छिड़ी है और पुलिसकर्मी का कॉलर पकड़कर नोकझोंक करता वीडियो कैमरे में कैद हुआ है। इस वीडियो में पुलिसकर्मी द्वारा पेट में लात मारने की बात महिला कह रही है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुये वायरल वीडियो के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि गत 6 अक्टूबर को कल्लू पुत्र सेवाराम वाल्मीकि निवासी मंडी के पास कस्बा मौदहा शराब के नशे में अपने भाई अमर सिंह से व पड़ोस के व्यक्तियों से विवाद पर 112 नंबर डायल किया गया था। मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी ने जब कल्लू को समझाने की कोशिश की तो उसकी पत्नी पुलिस से ही उलझने का प्रयास करने लगी। बाद मे पीआरवी पुलिस कर्मियों द्वारा दोनों पक्षों को समझाया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग मची अफरा तफरी

उन्नाव। सोमवार रात को चाइना मार्केट के पास स्थित कचहरी पुल के निकट एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव के नेतृत्व में दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।हालांकि, आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ। चूंकि ट्रांसफार्मर के पास कई दुकानों में गैस सिलेंडर रखे हुए थे, अगर आग समय पर न बुझाई जाती, तो यह एक बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो सकती थी ।दमकल विभाग ने तकनीकी टीम को बुलाकर आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। स्थानीय दुकानदार और निवासी घटना से काफी चिंतित दिखे। एक दुकानदार ने बताया, ₹यह बहुत खतरनाक स्थिति थी। हमने देखा कि आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता ने स्थिति को काबू में कर लिया ।₹घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को आग सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# विद्यालय गेट में ताला लगाकर बच्चो के साथ बैठी शिक्षक

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बाजपेई खेड़ा में एक विवाद ने बच्चों की शिक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। विद्यालय के गेट पर लगे ताले और शिक्षिका के साथ बैठे नौनिहालों का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बच्चे और शिक्षिका अपने हक के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। विद्यालय में हेड मास्टर और शिक्षामित्र के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। विवाद की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि हेड मास्टर ने विद्यालय के गेट पर ताला लगा दिया। इसके परिणामस्वरूप बच्चे और शिक्षिका गेट पर बैठकर अपनी पढ़ाई के अधिकार के लिए आवाज उठाते रहे। वीडियो में बच्चों के चेहरे पर निराशा दिखी ।शिक्षिका ने गेट पर बैठकर इस विवाद की गंभीरता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हक है। ऐसे विवाद बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल सकते हैं। हालांकि, स्थानीय शिक्षा अधिकारी (इएड) ने मामले का संज्ञान लेते हुए हेड मास्टर को सख्ती से निर्देश दिए ।करीब दो घंटे की अनुपस्थिति के बाद हेड मास्टर ने गेट का ताला खोला। स्थानीय जनता और अभिभावकों ने इस मामले पर रोष व्यक्त किया है और अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं उनके बच्चों के भविष्य के लिए संकट पैदा करती हैं। इस प्रकरण में बीएसए संगीता सेंगर से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।


## उप निबंधन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने लगाए मुर्दाबाद के नारे

अमन लेखनी समाचार

हसमागंज, उन्नाव। बार एसोसिएशन अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने रजिस्ट्री कार्यालय में व्यापत भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर मुदार्बाद के नारे लगाकर दो दिनों तक रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार कर दिया। हसनगंज तहसील परिसर में स्थित उप निबंधक कार्यालय में सोमवार बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह व महामंत्री राजीव सिंह के नेतृत्व में आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय में व्यापत भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर बैठ कर मुदार्बाद के नारे लगाने लगे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह ने बताया कि उप निबंधक लक्ष्मी यादव द्वारा आए हुए क्रेता,विक्रेताओं व अधिवक्ताओं से अभद्रता पूर्ण बात की जाती है। बैनामा लीगल होने के बावजूद भी रजिस्टर द्वारा कमियां निकाल कर वापस कर दिया जाता है ।रजिस्ट्री कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों का बोलबाला है। अधिवक्ताओं ने दो दिनों तक रजिस्ट्री न करने का बहिष्कार कर दिया।

**फिलिस्तीन के एक हिस्से गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी गुट हमास के इजराइल में उत्सव मना रहे बेकसूरों पर हमले के प्रतिशोध में सबक सिखाने के लिए इजराइल द्वारा शुरू जंग जब लेबनान स्थित चरमपंथी गुट हिज्बुल्ला के कमांडरों व गुट को खत्म करने व यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में तब्दील हुई, तो ईरान ने अपने प्यादे के समर्थन में इजराइल पर 181 बैलेस्टिक मिसाइलें दाग कर सीधी जंग का आगाज कर दिया। इसके बाद से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता दिख रहा है। अभी प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल ने ईरान पर जबावी एक्शन नहीं लिया है, लेकिन वह चुप बैठने वाला देश नहीं है, प्रतिक्रिया जरूर करेगा, पर कब व कैसे इस पर विचार जरूर है। इजराइल अगर ईरान पर हमला करता है और अमेरिका इजराइल के पक्ष में कूदता है तो चीन, रूस के ईरान के पक्ष में आने की आशंका है, ऐसे में विश्व युद्ध छिड़ने की संभावना बढ़ जाएगी। ईरान के सर्वोच्च लीडर खामनेई जैसे इजराइल के खिलाफ मुस्लिम देशों को एकजुट होने का आह्वान किया है, उससे इजराइल के आतंकी गुटों के खिलाफ जंग को इस्लाम बनाम यहूदी जंग में बदलने की कोशिश प्रतीत होती है। पश्चिम एशिया में अस्तित्व के लिए संघर्षरत इजराइल की ईरान से युद्ध की आशंका पर आजकल का यह अंक...**

# जंग की ओर ईरान-इजराइल की दुश्मनी





पश्चिम एशिया

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**अयातुल्ला खामेनेई की तक़रीर स्पष्ट तौर पर इंगित कर रही है कि इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। अयातुल्ला ने कहा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों के मुसलमानों को अपने समस्त मतभेदों को विस्मृत करके अब अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध एकजुट हो जाना चाहिए। अपनी तक़रीर में अयातुल्ला ने आगे कहा कि इजराइल एक शैतानी सत्ता है, जिसकी कोई बुनियाद नहीं है। अमेरिका की मदद से ही इजराइल कायम है और वह ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगा। इजराइल पर किसी भी वक्त आक्रमण अंजाम देने के समस्त अधिकार उन्होंने ईरान की सेना को सौंप दिए हैं।**

ईरान के सर्वोच्च लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामनेई ने तेहरान की मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के पश्चात तक़रीर करते हुए अमेरिका और इजराइल को ललकारा है। अयातुल्ला खामनेई की तक़रीर स्पष्ट तौर पर इंगित कर रही है कि इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। अयातुल्ला ने कहा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों के मुसलमानों को अपने समस्त मतभेदों को विस्मृत करके अब अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध एकजुट हो जाना चाहिए। अपनी तक़रीर में अयातुल्ला ने आगे कहा कि इजराइल एक शैतानी सत्ता है, जिसकी कोई बुनियाद नहीं है। अमेरिका की मदद से ही इजराइल कायम है और वह ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगा। इजराइल पर किसी भी वक्त आक्रमण अंजाम देने के समस्त अधिकार उन्होंने ईरान की सेना को सौंप दिए हैं। तेहरान की मस्जिद में एकत्र हुए लाखों ईरानियों के समक्ष तक़रीर करते हुए पश्चिमी मीडिया द्वारा फैलाई जा रही इस अफवाह पर भी अयातुल्ला खामनेई ने लगाम लगा दी, जिसके तहत बताया गया था कि वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी बंकर में जाकर छुप गए हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति को खत लिखा

7 अक्टूबर 2023 को हमास और इजराइल के मध्य संघर्ष प्रारंभ हुआ था। हमास तंजीम द्वारा सीधे हमला करके लगभग 1200 इजराइली नागरिकों का कत्ल कर दिया गया था और तकरीबन 300 इजराइलियों को अगवा कर लिया गया था। हमास के इस आक्रमण का प्रतिशोध लेने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हुकूमत ने हमास के गढ़ ग़ाज़ा में अनेक हमले अंजाम दिए हैं। इजराइली सैन्य हमले में ग़ाज़ा पट्टी में तकरीबन 40 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। ग़ाजा में हमले के बारे में ग़ाजा में कार्यरत रहे सौ से अधिक अमेरिकन डॉक्टरों ने अमेरिका के राष्ट्रपति को एक खत लिखा है। इस ख़त में लिखा है कि गाजा में अमेरिका के हथियारों से बेगुनाह महिलाओं और बच्चों का निर्मम कत्ल अंजाम दिया जा रहा है। लोकतंत्र और मानवाधिकारों की दुहाई देने वाले अमेरिका के लिए इजराइल की हिमायत करना एक बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है। सैन्य संघर्ष प्रारंभ होने के तकरीबन एक साल पश्चात ईरान द्वारा इजराइल की सरजमीं पर एक अक्टूबर 2024 को 181 सुपरसोनिक मिसाइल दाग दी गईं। अयातुल्ला ख़ामेनेई ने इस जंग को एक खतरनाक मोड़ तक पहुंचा दिया है।

ईरान के शिया नेता अयातुल्लाह खामनेई अब हमास बनाम इजराइल जंग को मुसलमान बनाम यहूदी जंग का खतरनाक आयाम प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए मुस्लिम वर्ल्ड के देशों से इजराइल के खिलाफ एकजुट होने की अपील कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 को भी ईरान द्वारा इजराइल पर 110 मिसाइलें दागी गई थीं। लेकिन अप्रैल के आक्रमण से पहले सारी दुनिया को ईरान द्वारा बाकायदा चेता दिया गया था कि सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए इजराइली हमले का जवाब देने के लिए ईरान द्वारा हमला अंजाम दिया जाएगा। दागी गईं ईरानी मिसाइलों के प्रतिशोध में इजराइल ने ईरान के विरुद्ध तो कोई सैन्य कदम नहीं उठाया था, लेकिन लेबनान में हिजबुल्ला तंजीम के ठिकानों पर अपने आक्रमणों को तेज कर दिया। ईरान समर्थित हिजबुल्ला तंजीम लेबनान में तकरीबन अपने एक लाख जिहादियों के साथ विद्यमान है। ग़ाज़ा में हमास के विरुद्ध इजराइली आक्रमण शुरू होने के साथ ही साथ हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल पर हमले अंजाम देना शुरू कर दिया था। हाल ही में इजराइल के लड़ाकू विमानों द्वारा हिजबुल्लाह के कमांडर इन चीफ नसरल्लाह को हलाक़ कर दिया गया। यक्ष प्रश्न है कि एक अक्टूबर को ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गईं सुपरसोनिक मिसाइलों का प्रति उत्तर देने के लिए अब इजराइल की हुकूमत क्या कदम उठाएगी। अमेरिका कदापि नहीं चाहता है कि इजराइल और ईरान में कोई सीधा और बड़ा युद्ध प्रारंभ हो जाए और जिसमें इजराइल की हिमायत में अमेरिका को भी उतरना पड़ जाए।

## इजराइल की सैन्य शक्ति के पीछे कौन

सभी जानते हैं कि इजराइल वस्तुतः अमेरिका की रणनीतिक सहमति के बिना ईरान के विरुद्ध कोई बड़ा सैन्य कदम नहीं उठा सकता। रूस-यूक्रेन युद्ध में संलग्न अमेरिका नहीं चाहता कि मध्य पूर्व में उसके लिए कोई नया सैन्य मोर्चा खुल जाए।

## जंग की चपेट में आएंगे मध्य पूर्व के देश

मध्य पूर्व में अनेक अरब देश हैं, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान, कुवैत, कतर आदि हैं, जोकि अमेरिका के निकट सहयोगी देश रहे हैं। इन देशों के शासक भले ही अमेरिका के साथ रहे हैं, लेकिन इन देशों का जनमानस इजराइल के विरुद्ध फिलिस्तीनियों के पक्ष में खड़ा है। अमेरिकन कूटनीतिज्ञ बखूबी जानते हैं कि इजराइल और ईरान के बीच बड़ी जंग अंजाम दी गई तो फिर ये जंग पूरे मध्य पूर्व के देशों को अपनी चपेट में ले सकती है और फिर उसके सहयोगी अरब राष्ट्रों में शासक अमीर शेखों का तख्ता पलट भी संभव हो सकता है। इजराइल की आंतरिक राजनीति के अंदर अपने प्रबल विरोध के चलते प्रधानमंत्री नेतन्याहू चाहते हैं कि यह जंग और अधिक विस्तार ले ले। नेतन्याहू पहले ग़ाज़ा में हमास तंजीम को खत्म करने पर आमादा रहे। फिलीस्तीन मुक्ति मोर्चा अर्थात पीएलओ के विरुद्ध हमास तंजीम का निर्माण करने में नेतन्याहू की विशिष्ट भूमिका रही थी। इसके बाद वेस्ट बैंक में पीएलओ को और फिर लेबनान में हिज्बुल्लाह तंजीम को खत्म करने के लिए इजराइल ने धावा बोल दिया। युद्ध उन्माद से त्रस्त रहे नेतन्याहू ने अमेरिका द्वारा पेश की गई युद्ध विराम की सलाह को कदाचित स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका जानता था कि अपनी साख बचाने के लिए ईरान यकीनन इजराइल पर हमला अंजाम देगा।

## अमेरिका की इजराइल को सैन्य मदद जारी

अमेरिका ने इस बीच इजराइल को प्रदान की जाने वाली सैन्य सहायता रोक देने की भी बात रखी थी, किंतु इस पर अमेरिका ने ही अमल नहीं किया। आने वाले भविष्य में यदि ईरान और इजराइल के मध्य एक बड़ी जंग अंजाम दी जाती है तो फिर इस जंग का मध्य पूर्व में विस्तार होने से कोई शक्ति रोक नहीं सकेगी। यदि इजराइल को महाशक्ति अमेरिका की सरपरस्ती हासिल रही तो फिर ईरान को भी रूस और चीन दोनों महाशक्तियों की सरपरस्ती हासिल होगी। ईरान की इजराइल पर मिसाइल हमले को अत्यधिक गंभीरता से लिया जाना चाहिए। क्योंकि इजराइल के विरुद्ध ईरान की जंग भारत के लिए भी एक विकट चुनौती सिद्ध हो सकती है। भारत के कूटनीतिक ताल्लुकात दोनों देशों ईरान और इजराइल के साथ बहुत ही अच्छे रहे हैं। ईरान भारत को तेल के आपूर्ति करने वाले शीर्ष देशों में एक देश रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारणवश आयद किए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने ईरान के साथ अपने संबंधों को कूटनीतिक तौर पर अत्यंत संतुलित बनाए रखा है।

हाल ही में जब ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में अचानक मौत हो गई, तब भी भारत सरकार ने देश में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया था। वर्ष 1992 में भारत के कूटनीतिक संबंध इजराइल के साथ स्थापित हो गए थे। विगत दो दशकों में दोनों देशों के मध्य परस्पर ताल्लुकात बेहद मजबूत हो गए हैं। इजराइल वस्तुतः भारत को आधुनिकतम हथियार और तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले देशों में शीर्ष देश रहा है।

## भारत के लिए कूटनीतिक संतुलन बनाना जरूरी

दोनों देशों ईरान और इजराइल के मध्य कूटनीतिक संतुलन बनाए रखना भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती सिद्ध हो रहा है। ईरान और इजराइल के मध्य यदि जंग छिड़ जाती है तो फिर दुनिया में तेल का विकट संकट उपस्थित हो जाएगा और भारत भी यकीनन इसका शिकार हो जाएगा। ईरान का चाबहार बंदरगाह सामरिक दृष्टि से भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बंदरगाह की मदद से भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ व्यापार करने में पाकिस्तान के मार्ग से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। सन् 2015 में भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए हाथ मिलाए थे। ईरान और इजराइल के मध्य यदि युद्ध शुरू हो जाता है तो ईरान की प्राथमिकता चाबहार जैसे प्रोजेक्ट से हटकर युद्ध पर केंद्रित हो जाएगी। दुर्भाग्य से ईरान बनाम इजराइल युद्ध का विस्तार अगर मध्य पूर्व में हो जाएगा तो वहां पर कार्यरत 90 लाख भारतीयों पर इसका नकारात्मक असर होगा। उनको मध्य पूर्व के देशों से निकालकर भारत में पुनर्वास करना होगा।

## परवान चढ़ सकता है इस्लामिक जिहाद

हाल ही में अयातुल्ला खामनेई ने दुनिया के तमाम मुसलमानों से इजराइल और अमेरिका के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया है। अयातुल्ला खामनेई का यह आह्वान यदि वास्तव में असरदार सिद्ध हो गया तो फिर से इस्लामिक जिहाद के नाम पर ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी और अल बगदादी सरीखे अनेक आतंकवादी सरगना उठ खड़े होंगे। इतिहास फिर से एक बार अमेरिका को इस ऐतिहासिक ख़ता के लिए तोहमत देगा कि अमेरिका ने इजराइल को मर्यादा में न रखकर फिर से विश्व पटल पर इस्लामिक जिहाद को परवान चढ़ा दिया। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में सोवियत संघ के विरुद्ध जंग करते हुए अमेरिका द्वारा ओसामा बिन लादेन की क़यादत में लाखों जिहादियों की तरबीयत और परवरिश अंजाम दी गई थी। जिसका नतीजा वस्तुतः वैश्विक जिहाद के रूप में सारी दुनिया को भुगतना पड़ा। जिहाद के हाथों अमेरिका ने भी बहुत गहरे जख्म खाए थे। इस्लामी जिहाद के विरुद्ध भारत भी सन् 1989 से कश्मीर में निरंतर जूझ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह से ही भारत को संभावित इजराइल-ईरान जंग को प्रारंभ नहीं होने देने की कोशिश करते रहना चाहिए। दोनों देश ही भारत के निकट मित्र देश रहे हैं। भारत की वाणी अवश्य समझी और सुनी जाएगी। भारत का संदेश है युद्ध समस्या का हल नहीं है, आतंकवाद सबके दुश्मन हैं।

# विश्वयुद्ध की ओर सरकता मध्य-पूर्व



इजराइल-ईरान

रहीस सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

इजराइल सीधे ईरान द्वारा 181 बैलेस्टिक मिसाइलें दागनने के बाद 4 अक्टूबर को जब ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई करीब चार वर्ष बाद जब सार्वजनिक मंच पर आए तो उन्होंने इस्लामी देशों को संदेश देने के उद्देश्य से दो बातें कहीं, पहली यह कि ईरान के दुश्मन वही हैं जो फलस्तीनी प्रशासन और लेबनान समेत दूसरे मुस्लिम देशों के भी दुश्मन हैं। यानि अब वे शिया और सुन्नी के बीच स्पष्ट हो चुकी विभाजक रेखा को मिटाना चाहते हैं। हालांकि विभाजक रेखा अब खाईं का रूप ले चुकी है इसलिए इसे पाट पाना नामुमकिन सा है। उन्होंने जो दूसरी बात कही वह यह कि हमारे सशस्त्र बलों ने जो किया वह 'डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स' की नीति रखने वाले जायनिस्ट शासन के चौंका देने वाले अपराधों के लिए कम से कम सजा थी। इस तरह से उन्होंने इजराइल के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया को वैध और उचित ठहराया। उधर हिजबुल्ला ने इजराइल के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने की प्रतिज्ञा लेते हुए स्पष्ट किया है कि गज़ा, फिलिस्तीन और लेबनान तथा उसके लोगों की रक्षा के लिए वो लगातार समर्थन करता रहेगा। जबकि इजराइली डिफ़ेंस फ़ोर्सेस (आईडीएफ़) की तरफ से कहा गया है कि "हमारी जंग लेबनान के लोगों से नहीं बल्कि हिज़्बुल्लाह से है।' इससे यह नहीं दिखता कि अभी भी प्रॉक्सी युद्ध की संभावनाएं अधिक हैं क्योंकि ईरान और इजराइल सधा हुआ युद्ध लड़ना चाहते हैं अथवा वे युद्ध के साथ बचने के रास्ते भी तलाश रहे हैं? तब क्या इस निष्कर्ष पर पहुंचना थोड़ी जल्दबाजी होगी कि मध्य-पूर्व का टकराव तीसरे विश्वयुद्ध में बदल सकता है ? पिछले दिनों इजराइली प्रधानमंत्री ने यूएन जनरल असेंबली में कहा था कि लक्ष्य पूरा होने तक हमले जारी रहेंगे। दूसरी तरफ ईरान के विषय में अभी यह पूरी तरह से तय नहीं है कि वह सीधे लड़ेगा अथवा प्रॉक्सी युद्ध को ताकत देगा। हालांकि उसका सीधे लड़ना मुश्किल होगा क्योंकि सैन्य इनवेजन के जरिए वह लड़ नहीं सकता और हवाई युद्ध में वह इस्राइल के सामने टिक नहीं पाएगा। ऐसी स्थिति में अभी किन्हीं परिणामों तक पहुंचना जल्दबाजी होगी। दूसरी तरफ इजराइल को लें, तो सवाल यह उठता है कि उसका असली दुश्मन कौन है? असली दुश्मन हिजबुल्ला और हमास नहीं हैं बल्कि ईरान है। जैसा कि कभी इजराइली प्रधानमंत्री बेनेट कह चुके हैं कि तेहरान ऑक्टोपस का सिर है, तो लेबनान में हिजबुल्ला, गाजा में हमास और यमन में हूती उसके हाथ हैं। तो ऐसा तो नहीं है कि ईरान के प्रॉक्सी से निरंतर युद्ध करके इजराइल खुद को थका डालने का रिस्क ले रहा है? वैसे इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में सैन्य इनवेजन शुरू कर दिया है, यह संभवतः उसे हित में नहीं होगा। ठीक वैसे ही जैसे कि वियतनाम युद्ध अमेरिका के हित में नहीं रहा था। हालांकि इजराइल एयर स्ट्राइक्स को हिजबुल्ला के रॉकेट और मिलिट्री स्टैब्लिशमेंट को ध्वस्त करना जरूरी मानता है, जो है भी क्योंकि हिजबुल्ला लेबनानी नागरिकों को 'ह्यूमन शील्ड' की तरह इस्तेमाल कर रहा है। वह अपने मिसाइल और रॉकेट्स को इनके यहां छुपा कर अटैक करता है। लेकिन ईरान इसे इजराइल द्वारा किया गया 'मास मर्डर' मानता है जिसका बदला लेने के लिए वह प्रतिबद्ध है। वह इजराइल को कई



बार चेतावनी दे चुका है कि वह रेड लाइन क्रॉस कर चुका है। अब देखना यह है कि वह इजराइल के खिलाफ 'ऑल आउट वार' का चुनाव करता है या फिर प्रॉक्सी वॉर के जरिए ही आगे बढ़ेगा? यह सवाल बार-बार आता है कि युद्ध के नतीजे किसके पक्ष में जाएंगे ? प्रथमदृष्टया तो इजराइल उत्तर आता है। पिछले नतीजे देखें तो इजराइल ने डिफेंस स्ट्रैटेजी, रियल टाइम इंटेलिजेंस और रियल टाइम टारगेट, रणनीति के जरिए हमास और हिज्बुल्ला पर बड़ी विजय प्राप्त करने में सफलता पायी है। ध्यान रहे कि 1992 से 2006 के बीच नसरल्ला और हिजबुल्ला की प्रगति को देखते हुए इजराइल ने यह समझ लिया था कि हिज्बुल्ला को खत्म करना आसान नहीं है। इसलिए उसने हिज्बुल्ला को कमजोर करने के लिए उसके कमांडरों को मारने की रणनीति अपनाई। यह एक लंबी रणनीति थी जिसे आप 'मोइंग द ग्रास स्ट्रैटेजी' नाम दे सकते हैं। इजराइल सतत रूप से इस पर कार्य करता रहा जिसमें रियल टाइम इंटेलिजेंस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण पेजर बम है, जिसमें लगभग 3000 के आसपास हिजबुल्ला लड़ाके घायल हुए। इसी की वजह से इजराइल 'रियल टाइम टारगेट' रणनीति में सफल हुआ और 27 सितम्बर को बेरूत में बम गिराकर नसरल्ला को मारने में सफल रहा। दरअसल वर्ष 2006 में जब इजराइल-हिज्बुल्ला संघर्ष 34 दिन में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता कारण समाप्त हो गया। यद्यपि यह हिज्बुल्ला की जीत नहीं थी लेकिन हसन नसरल्ला एक मिलिट्री स्ट्रैटेजिस्ट के रूप में स्थापित कर ले गया। यहीं से इजराइल ने रणनीति बदली और हिज्बुल्ला के कमांडरों को मारने की रणनीति अपनायी। इसमें प्रमुख भूमिका निभायी सिग्नल इंटेलिजेंस यूनिट 8200 ने जिसने हिज्बुल्ला के मोबाइल फोन और अन्य संचार साधनों को पकड़ने के लिए साइबर टूल्स बनाए।

अब देखना होगा कि ईरान की फॉरवर्ड डिफेंस डॉक्ट्रिन और इजराइल की बेगन डॉक्ट्रिन में कौन सी ज्यादा बेहतर परिणाम लाएगी। 1979 की इस्लामी रिवोल्यूशन के बाद ईरान में स्थापित इस्लामी स्टैब्लिशमेंट ने इजराइल को 'इललेजिटीमेट जाइनिस्ट रेजीम' माना और उसके खिलाफ एक प्रॉक्सी युद्ध आरम्भ करने के लिए हिज्बुल्ला और हमास जैसे लड़का समूहों को स्थापित किया जो उसकी 'फारवर्ड डिफेंस डॉक्ट्रिन' का परिणाम थे। यह डॉक्ट्रिन कहती है कि आप अपनी पॉवर को बॉर्डर्स के बाहर कैसे इस्तेमाल करें, वह भी बिना प्रत्यक्ष युद्ध अथवा टकराव के। इसी दौर में ईरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम शुरू कर मध्य-पूर्व में न्यूक्लियर ताकत बनने की कोशिश की। इजराइल यह अच्छी तरह से जानता था ईरान यदि अपने इस मिशन में सफल हो गया तो वह इजराइल को बहुत नुकसान पहुंचाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि सुन्नी दुनिया के देश भी यह नहीं चाहते थे कि ईरान एक न्यूक्लियर पॉवर बने। इसलिए इजराइल ने 'बेगन डॉक्ट्रिन' की शुरूआत की जिसका उद्देश्य था अपने आसपास के देशों में 'मॉस डिस्ट्रक्शन' यानि न्यूक्लियर हथियारों के निर्माण सम्बंधी गतिविधियों को रोकना। इस दृष्टि से ईरान और इजराइल दोनों ही अपने मकसद में कामयाब रहे। इसके बावजूद, इजराइल एक तरफ हिजबुल्ला, दूसरी तरफ हमास, और तीसरी तरफ हूती और ईरान से घिरा हुआ है। पहली तीनों शक्तियां इजराइल को लगातार टक्कर दे रही हैं। यह कुछ तालिबानियों जैसा ही है जिनके गुरु ने कभी कहा था कि हम अमेरिका को हरा नहीं सकते लेकिन थका सकते हैं। कमोमेश तालिबान जैसा स्ट्रक्चर हिजबुल्ला का भी है। यह बिखरा हुआ है लेकिन इसकी अपनी मिलिट्री स्ट्रेंथ है जो इजराइल से लम्बे समय तक लड़ सकती है। हम कह सकते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा नान स्टेट एक्टर है। इजराइल के लिए भी यह लड़ाई आसान नहीं होगी। अमेरिका कूदता है तो फिर संभव है कि लड़ाई विश्व युद्ध में बदल जाए।

# अस्तित्व की जंग लड़ रहा इजराइल



विश्लेषण

सुनील अमर

वरिष्ठ पत्रकार

लगभग एक साल पूर्व फिलिस्तीनी संगठन तथा गाजा पट्टी के शासक दल हमास द्वारा इजराइल पर किए गए जिस हमले को अंग्रेजी में 'कॉन्फ्लिक्ट' यानी झड़प बताया गया था आज वह एक ऐसे युद्ध की शक्ल ले चुका है जिसमें इजराइल अब कम से कम सात मोर्चों पर एक साथ लड़ रहा है। इस लड़ाई ने ऐसा राजनीतिक रुख अख्तियार कर लिया है जिसमें मध्यपूर्व और एशिया के कई देश यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे किसकी तरफ रहें! यह लड़ाई नई नहीं है और ये दोनों देश अपने जन्म यानी सन् 1947 से ही लड़ रहे हैं।

## मुस्लिम देशों से घिरा है इजराइल

यह जानना दिलचस्प होगा कि युद्ध की हालत में भी अपने राजनीतिक और आर्थिक फायदों को ध्यान में रखते हुए तमाम देश किस तरह की भूमिका निभाते हैं। सीमाओं की बात करें तो इजराइल चारों तरफ से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है। पूर्व में जार्डन, उत्तर में लेबनान, उत्तर पूर्व में सीरिया, दक्षिण पश्चिम में मिस्र और झगड़े की जड़ कहे जाने वाले फिलिस्तीन के दो इलाके- दक्षिण पश्चिम में गाजा पट्टी तथा पूर्व में पश्चिमी तट नाम का क्षेत्र है। इन सभी सीमावर्ती देशों में सैन्य संगठनों के अलावा इस्लामिक मिलिशिया का भी जाल फैला हुआ है। गत वर्ष सात अक्टूबर को जब हमास ने हमला किया तो कारण यह बताया कि इजरायल ने उनके आदमियों को बन्धक बनाया हुआ है, सीमाओं को बन्द करके तमाम तरह की आपूर्ति बाधित कर रखी है, विवादों के निस्तारण को तय अन्तरराष्ट्रीय कानूनों को नहीं मान रहा है तथा गाजा पट्टी निवासियों के तमाम कष्टों का जिम्मेदार है। ध्यान रहे कि फिलिस्तीन गाजा पट्टी और पश्चिमी तट नामक दो हिस्सों में बंटा हुआ है जिसमें गाजा पट्टी में वर्ष 2007 से हमास का शासन है। इजरायल और हमास की अगर तुलना करें तो हमास की स्थिति मच्छर सरीखी है। अपने दुःखों और हालात से आजिज आकर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमास ने इजराइल पर हमला तो कर दिया लेकिन इसकी बहुत बड़ी कीमत उसे चुकानी पड़ी है।

## वैश्विक संस्थाएं बनाएं दबाव

इस्लामिक बन्धुत्व के नाम पर जो देश उसकी तरफ से लड़ाई में शामिल हो गए हैं वे भी उसके मौजूदा कष्टों को दूर नहीं कर पाएंगे। इजराइल पर अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं ही दबाव बना सकती है लेकिन इन संस्थाओं में अमेरिका का दबदबा है और अमेरिका खुलकर इजराइल के साथ खड़ा है। गत दिनों उसने इजराइल को लगभग 2000 करोड़ रुपयों की सैन्य सहायता देने की घोषणा की है तथा ब्रिटेन और फ्रांस भी इजराइल के साथ हैं। सऊदी अरब के सुरक्षा सम्बन्धी समझौते इजरायल के साथ हैं, लेकिन मन से वह फिलिस्तीन के साथ है इसलिए कूटनीतिक तौर पर वह बहुत फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। क़तर यद्यपि बहुत छोटा सा देश है लेकिन वहां अमेरिका का बड़ा सैन्य अड्डा है, क़तर का भाईचारा ईरान के साथ है और इसने हमास के मारे गये नेता इस्माइल हेनियाह को अपने यहां शरण भी दे रखी थी। जार्डन की दशा भी कतर जैसी ही है। अमेरिका ने वहां अपना सैन्य अड्डा बना रखा



है जिस पर इसी साल जनवरी में ईरान समर्थित गुटों ने हमला कर तीन अमेरिकियों को मार दिया था। जार्डन भी किसी तरह अपना राजनीतिक तालमेल इजराइल से बनाए हुए है।

## हमास की तरफदारी

इजराइल का एक और पड़ोसी मित्र है जिसने वर्ष 1979 से इजराइल के साथ मशहूर कैम्प डेविड शान्ति समझौते की सन्धि कर रखी है, लेकिन इधर फिलिस्तीन की वजह से सम्बन्ध निम्न स्तर पर आ गये हैं और मिस्र में जनता तथा विपक्ष ने हमास की तरफदारी की आवाज उठा रखी है। सीरिया और इराक एक समय में क्षेत्रीय शक्तियां रही हैं लेकिन वहां स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर भी ईरान समर्थित समूहों ने दर्जनों बार हमला किया हुआ है। इजराइल का एक ताकतवर पड़ोसी तुर्की है लेकिन उससे भी सम्बन्ध ठीक नहीं हैं क्योंकि इसी साल जनवरी में तुर्की पुलिस ने 33 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिन पर इजराइली जासूसी संस्था मोसाद के लिए जासूसी करने का आरोप था। तुर्की ने कहा कि मोसाद के ये जासूस उसके देश में हमास के लोगों की तलाश कर रहे थे। दूसरी तरफ ईरान है। क्षेत्र में अपनी संप्रभुता तथा इस्लामिक बन्धुत्व का झंडा बुलन्द रखने के लिहाज से वह इस लड़ाई में शामिल होना अपना फ़र्ज समझता है। वैसे तो ईरान के साथ रूस, तुर्की, लेबनान, चीन और यमन हैं।

## ईरान को इन देशों का सहारा

जहां तक रूस की बात है तो पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका के खिलाफ समान सोच रखने के कारण रूस और ईरान में दशकों से अच्छे सम्बन्ध हैं। इस संयोग में राजनीतिक दृष्टिकोण तलाशे जा सकते हैं कि रूसी प्रधानमन्त्री मिखाइल मिशुस्टिन के गत दिनों ईरान दौरे के बाद ही ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया था। लेकिन दूसरी तरफ रूस इजरायल को भी साधे रखना चाहता है। रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन से चल रही जंग में इजराइल यूक्रेन की मदद करने लगे। उधर, इजराइल भी रूस में रह रहे अपने यहूदी समुदाय की सुरक्षा के लिए रूस को नाराज नहीं करना चाहता। इजराइल से मौजूदा लड़ाई को लेकर लेबनान भी ईरान के साथ खड़ा है। वैसे भी लेबनान के सम्बन्ध इजरायल से हमेशा ही लड़ाई और तनातनी के रहे हैं। रूस जैसा ही मामला चीन का भी है। वैसे तो चीन के इजराइल के साथ व्यापारिक सम्बन्ध हैं लेकिन अमेरिका की वजह से चीन भी ईरान को अपने पाले में रखना चाहता है। ईरान के साथ यमन भी है जिसके हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइली हमला जारी रखा है। इसी प्रकार वर्ष 1948 से ही इजराइल से अपनी लड़ाई को लेकर सीरिया स्वाभाविक ही ईरान के साथ है। संक्षेप में कहें तो एक ग्रुप है जिसका नाम है-एक्सिस ऑफ रेजिस्टेन्स जिसमें हमास, हिजबुल्लाह, सीरिया की सरकार, यमन के हूती विद्रोही तथा सीरिया और इराक के अन्य लड़ाकू समूह शामिल हैं जो ईरान पोषित हैं व वे इसकी मदद कर रहे हैं।

## भारत गुट निरपेक्ष की स्थिति में

भारत सरकार का अब तक का रवैया गुट निरपेक्ष वाला ही रहा है। भारत ने शुरू से ही दो राष्ट्र के सिद्धान्त पर फिलिस्तीन को मान्यता दे रखी है। इजराइल से भारत के सामरिक सम्बन्ध भी हैं तथा बहुत सारे भारतीय इजराइल में रहते भी हैं। ताजा हालात में भारत ने फिलिस्तीन को 70 टन राहत सामग्री और दवा आदि की सहायता भी दी है। इस युद्ध का एक और पहलू व्यवसाय का भी है जिसका लाभ हमेशा की तरह अमेरिका ले रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस पर लगे प्रतिबन्धों के बाद पश्चिम के देश गैस आदि के लिए अमेरिका पर आश्रित हुए हैं तो यूक्रेन व इजराइल को हथियार तथा राहत सामग्री पहुंचाने के नाम पर अमेरिका का धन्धा फल-फूल रहा है। विश्व में कहीं भी लड़ाई हो, अमेरिका उसमें अपना धन्धा तलाश ही लेता है। नासमझ देश तो बस लड़ने में व्यस्त हैं।

संक्षेप

## पूर्व से गड्ढे में भरा था बाढ़ का पानी, सरयू तटबंध पर खेल रही बालिका डूबी

अमन लेखनी समाचार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर के मजरा मक्कापुरवा गांव निवासी गुड़िया (6) पुत्री लवकुश गांव निवासी अनूप (8), करिश्मा (4) और मोहित (3) के साथ खेल खेल रहे थे। सभी बच्चे खेलते हुए कब सरयू नदी के बांध के पास पहुंच गए, इसका उन्हें तनिक भी अंदाजा ना हुआ। खेलते समय छ वर्षीय बालिका गुड़िया पहले से भरे बाढ़ के पानी में गिर गई और डूब गई। पास मौजूद अन्य बच्चे बाल बाल बच गए। सभी ने सूचना परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीयों के सहयोग से बालिका के शव को पानी से बाहर निकाला। देखते ही देखते काफी भीड़ एकत्रित हो गई। परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान वारिस अली की मौजूदगी मे प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट संजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन मे उप नि0 राजेश पांडेय द्वारा पंचनामा की लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की पुष्टि एसएचओ खैरीघाट द्वारा की गई है।

## सुल्तानपुर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के मोतिगरपुर थाना अंतर्गत अतरदशा गांव में महिला का शव छत में लगे हुक में साड़ी के सहारे लटकता हुआ मिला। घर में मृतका के अलावा उसके तीन नाबालिग बच्चे ही रहते हैं। घटना के समय एक दिव्यांग बेटी ही घर पर मौजूद थी। सूचना पर पहुंची मोतिगरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। अतरदशा गांव में दयावती पत्नी मनीष की कमरे में साड़ी के सहारे हुक से शव लटकता हुआ मिला। पति मुंबई में रहकर नौकरी करता है। मृतका की बड़ी बेटी प्रतिज्ञा ने बताया कि मां ने उसे चीनी लेने के लिए भेजा था। छोटा भाई अहम बगल खेलने गया था। छोटी बहन दिव्यांग प्रतिमा बरामदे में थी। जब वह चीनी लेकर लौटी, तो मां का शव साड़ी के सहारे हुक से लटक रहा था। मां का फोन पास में पड़ा था। फोन उठाया तो पापा का फोन आया। उन्हें बताया तो पापा ने कहा कि पड़ोसियों को बताओ। जिसके बाद पास पड़ोस के लोग आकर शव को नीचे उतारे। सूचना के बाद मृतका के पिता जियालाल जायसवाल निवासी गूरेगांव थाना गोसाईगंज मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना के बाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के आधार पर विधिक कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# दुर्गा पूजा महासमिति ने की मैराथन बैठक, तहसील व थाना प्रमुखों को सौंपे दायित्व

## छह तहसील के प्रमुखों व 22 थानों के प्रमुखों के साथ बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में तहसील प्रमुख, थाना प्रमुख व पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण के माहौल में मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल से ही बिजली कटौती होने के कारण पूजा पण्डालों में अंधेरा छा जाता है अविलंब विधुत कटौती रोकी जाए।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए।महासमिति ने प्रशासन से मांग है कि शहरी व ग्रामीण अंचलों में विधुत व्यवस्था ठीक करें तथा विसर्जन स्थलों की व्यवस्थाएं अविलंब सही करें।बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बैज,पटका,महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्व सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई।बैठक को संरक्षक परशुराम कुशवाहा,डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,चन्द्र भान सिंह संचित,गौरव वर्मा,निशंक त्रिपाठी, राजू निगम ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन महासमिति कार्याध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान राम जी शुक्ला,शिवशरण सिंह, कन्हैया सोनी,विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव,पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,ल व कुमार द्विवेदी,ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी,सत्येंद्र शुक्ला,विनोद कुमार रस्तोगी,सुधाकर मिश्रा,सुरेश गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता युवराज,हरि शंकर,बैजनाथ रस्तोगी,राज कुमार सोनी,पंकज केवट,सोनल त्रिपाठी मौजूद रहे।

# अनाधिकृत कब्जा करने वाले दबंग के खिलाफ कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के रसूलपुर बकेवर निवासी विश्राम सागर ने गांव के ही राजू व उसकी पत्नी मुन्नी देबी पर जबरिया उसके क्रय किए गए प्लाट पर अनाधिकृत कब्जा किए जाने की शिकायत पुलिस से की है।

पुलिस से की गई शिकायत में विश्राम सागर ने बताया है कि उसने एक कच्चा मकान वर्ष 1972 में कलुवा पुत्र खुरभुर से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। जब वह उस जमीन पर निर्माण कराने लगा तो राजू ने फर्जी तरीके से सिविल न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया जहाँ से राजू मुकदमा हार गया। सिविल कोर्ट ने विश्राम सागर का स्वामित्व करार देते हुए राजू का दावा निराधार माना। अब राजू व उसकी पत्नी मुन्नी देबी अनाधिकृत रुप से उसकी क्रय किए गए प्लाट पर जबरिया कब्जा करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। विश्राम सागर का कहना कि राजू अपराधिक प्रवृत्ति का है और दबंगई के बल पर मेरे प्लाट पर कब्जा करना चाह रहा है और निर्माण कराने की नियत से ईंट आदि इकट्ठा कर लिया है। राजू की पत्नी मुन्नी देबी उसे फर्जी तरीके के ब्यभिचार करने का मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है। जिससे वह और उसका परिवार राजू उसकी पत्नी मुन्नी देबी व राजू की बेटियों से डरा हुआ है। विश्राम सागर ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से जबरिया कब्जा करने वाले दबंग राजू व उसकी पत्नी के खिलाफ कार्यवाही कर अवैध कब्जा करने से रोकने की मांग की है जिससे क्रय की गई जमीन पर वह निर्माण करा सके।

# आइजीआरएस में जनसमस्याओं के निस्तारण में जनपद को मिला प्रथम स्थान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिलाधिकारी धनश्याम मीणा के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद हमीरपुर को आईजीआरएस में जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह सितम्बर की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह सितम्बर की रैंकिंग में जनपद को 95.38 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी द्वारा लंबित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की जाती है एवं निस्तारण सुनिश्चित कराया जाता है। जिलाधिकारी जनता दर्शन में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़े रहकर शिकायतकर्ता की समस्याओं के सम्बन्ध में त्वरित संज्ञान लेते हैं जिससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो रहा है। आईजीआरएस सन्दर्भों सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, ऑनलाइन सन्दर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ की शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं सम्बंधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण के निर्देश दिए हैं। समस्या का निस्तारण नियत समय में करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराने एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा रैंडमली शिकायतकताओं से मिलकर मौके पर निस्तारण का जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस टीम सहित सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए इसी प्रकार प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

# मां दुर्गा के गगनभेद्बी उद्धोष से गुंजायमान हो रहा कैसरगंज

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर में स्थित बाबा मिठ्ठान दास मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर माता जगदम्बा का भव्य दरबार सजाया गया है। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन,समाजसेवी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह व कौशलेंद्र चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है, जहां श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे है। पाण्डाल परिसर में कीर्तन व भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण गूंजायमान हो रहा है। माता रानी के दरबार को सुंदर फूल व दीपों और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया गया है, जिससे दरबार का दृश्य और भी भव्य हो गया है। मां के गगनभेद्वी जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। नवरात्र के पावन पर्व पर सजी इस दरबार की दिव्यता और भव्यता श्रद्धालुओं के आकर्षण केन्द्र है।स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से श्रद्धालु भी मां के दर्शन और पूजा का लाभ उठा रहे हैं। श्रद्धालुओं का यह मानना है कि मां जगदम्बा का आशीर्वाद उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रबन्धक विष्णुचन्द्र श्रीवास्तव पूर्वप्रधान अध्यक्ष राजेश सोनी, ऋषभ श्रीवास्तव, अभय मौर्या, करन मौर्य, विवेक श्रीवास्तव मनीष कश्यप, विक्कू श्रीवास्तव, मोहित गौड़, मोनू गौतम, अनिल राजपूत कमलेश सैनी सहित सैकड़ो भक्त उपस्थिति रहे।

# जनअधिकार पार्टी द्वारा आयोजित किया गया कार्यकर्ता सम्मेलन

## पत्रकार अनिल मौर्य को मिली जिला सचिव व बलहा प्रभारी की कमान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मिहींपुरवा तहसील के अलग -अलग ग्राम सभाओं में नुक्कड़ सभा आयोजित कर कार्यकर्ता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी राष्ट्रीय महासचिव लाखन राज पासी मौजूद रहे। प्रथम कार्यक्रम मधवापुर में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज पासवान नें किया। कार्यक्रम की शुरूआत लाखनराज पासी नें महात्मा बुद्ध व बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मलार्पण कर किया।अपने सम्बोधन में कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए लाखन राज नें कहा की एक- एक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। इसी क्रम मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की सरकार आज कल जनता के मुख्य जरूरतों से दूर होकर सिर्फ धर्म की राजनीति कर रही है। देश व प्रदेश के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे रहे है।लेकिन यहां कोई सुनने वाला नहीं। इस मौके पर जन अधिकार पार्टी के भारी संख्या में नए पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को भार ग्रहण कराया गया। जिसमे पत्रकारिता के क्षेत्र में अलग पहचान रखने वाले अनिल कुमार मौर्य को जिला सचिव के साथ विधान सभा प्रभारी की जिम्मेदारी मिली।तथा सपा से मौजूदा जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल पासवान को जिला उपाध्यक्ष की कमान मिली, इसी क्रम में श्री किशुन मौर्य ब्लाक अध्यक्ष मिहींपुरवा, राम प्रताप सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश मौर्य को बलहा उपाध्यक्ष, उमेश मौर्य को बलहा अध्यक्षसमेत अन्य को अलग अलग प्रभार मिला, तत्पश्चात ग्राम सभा जालिम नगर व शोभा पुरवा में जा कर नुककड़ सभाओ का आयोजन कर सभी कार्यकर्ताओ का पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर मण्डल प्रभारी पुष्पा देवी,मंडल महासचिव जितेंद्र गौड़, जिला अध्यक्ष मनोज पासवान, जिला उपाध्यक्ष किशोरी लाल पासवान, जिला कोषाध्यक्ष धर्म प्रकाश मौर्य, जिला सचिव व विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार मौर्य, मंडल संगठनमंत्री उमाशंकर मौर्य,समेतभारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 16 वर्षों से लगातार कर रहे निर्धन कन्याओं की शादी

## राधा संग अरुण नैयर ने लिए सात फेरे

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम रेवलियां में नवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सचित सिंह ने एक कन्या का विवाह सम्पन्न कराया। राधा संग अरुण नैयर का पूरे रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। इस विवाह मे सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री सिंह विगत सोलह वर्षो से शारदीय नवरात्र के अवसर पर एक निर्धन कन्या का विवाह कराते है, जिसका पूरा खर्च वह स्वयं वहन करते है। इसी क्रम मे इस वर्ष भी बारात भभुआ गोण्डा जिले से दिन में दो बजे रेवलिया पहुंची जिसका स्वागत उग्रसेन सिंह, निशांत मौर्या प्रधान कटका गुडडू मौर्या, बंशी लाल साहू, ध्रुव सिंह, बुधराम बी डी सी ने किया। वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला



सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, धनश्याम सिंह, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पंचराज वर्मा, महामंत्री अनिल वर्मा सहित सभी पदाधिकारी ने सहयोग कर विवाह सम्पन्न कराया।

# कांग्रेस ने बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित पीड़ितों को पहुंचाई आर्थिक सहायता

## जब तक नहीं बन जाते सभी के घर लड़ाई रहेगी जारी: अरशद कुददूस

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बहराइच फखरपुर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत सराय जगन वजीरगंज में हुई बुलडोजर की कार्रवाई से पीड़ित परिवारों से मिलने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय प्रदेश महासचिव प्रदेश महासचिव बहराइच प्रभारी अरशद खुर्शीद हुआ प्रदेश सचिव बहराइच प्रभारी बलराम गुप्ता जिला अध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा पूर्व प्रत्याशी गीता सिंह सहित तमाम लोग पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलने और उनका हाल लिया. पीड़ित परिवारों की दयनीय स्थिति को देखते हुए आर्थिक सहायता मदद करने की घोषणा किया गया था। उसी के संदर्भ में प्रदेश महामंत्री अरशद खुर्शीद प्रभारी बहराइच का आगमन हुआ। बहराइच पहुंचकर इंजीनियर जयप्रकाश जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दिनेश सिंह, प्रदेश महामंत्री अरशद खुर्शीद द्वारा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता की गई। पीड़ितों को जब मिली सहायता राशि तो छलक पड़े आंखों से आंसू तो पीड़ितों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी का बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने हम सब का दर्द समझा और साझा किया। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर ए एम सिद्दीकी, मेजर राणा शिवम सिंह, गीता सिंह, नदीम मोहम्मद बशीर अहमद, शहर अध्यक्ष एवं ठाकुर आनंद अवस्थी, शादाब पहलवान, प्राची श्रीवास्तव, अन्नू सिंह, जियाउद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने बीती रात सिदरखी प्रधान के घर में की चोरी

## पुलिस गश्त की खुली पोल, चोरी से क्षेत्र में दहशत का माहौल

## रात भर होती रही चोरी, पुलिस कागजो में करती रही गश्त

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।जनपद बहराइच के अंतर्गत कैसरगंज थाना क्षेत्र के सिदरखी गांव में बीती रात को चोरों ने धावा बोला सिदरखी प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राघव पुत्र गोकुल सिंह के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार के प्रधान का परिवार रात्रि में अपने घर पर सो रहा था तभी अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और घर में रखा नगदी व जेवरात कपड़े सहित तमाम सामान की चोरी कर ले गए। प्रकरण की शिकायत स्थानीय थाने पर की गई जिसमें अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और खुलासे की बात की जा रही है। परंतु प्रशासन के नाक के नीचे ही आए दिन घटनाएं होती रहती हैं, पर इस पर अंकुश नहीं लग पाता दिख रहा है। मुकदमा तो पंजीकृत हो जाता है पर खुलासा नहीं हो पाता जिससे चोरों की हौसले बुलंद हो गए हैं। अब देखना है कि इस प्रकरण का भी खुलासा होता है कि इसे भी पूर्व की भांति ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। सूत्रों की माने तो उस क्षेत्र में एक माह के अंदर कई घरों में चोरी करने का प्रयास चोरी द्वारा पूर्व में किया गया है। ऐसे में क्षेत्र का गस्त करने वाले सिपाहियों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं की गस्त के नाम पर कागजी प्रक्रिया पूर्ण की जाती है और क्षेत्र में गस्त नहीं किया जाता है।

**थाना अध्यक्ष कैसरगंज राजनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। चोरी का खुलासा जल्द किया जाएगा।**

# दुर्गा पांडाल रामपुर मे भव्य झांकी कार्यक्रम का किया गया आयोजन, हुआ संपन्न

## हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक हुए मन्त्रमुग्ध, बैबाही पुलिस रही मौजूद

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट अंतर्गत नव दुर्गा पूजा समिति रामपुर धोबिया बाजार की ओर से दुर्गा पूजन स्थल पर अंतर्जनपदीय झांकी कलाकारों के द्वारा मनोरम झांकी कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार को किया गया। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन माता कुष्मांडा की भव्य पूजा आरती के पश्चात अंतर्जनपदीय झांकी कलाकारों द्वारा श्री गणेश, प्रभु श्री राम, हनुमान, भोलेबाबा तथा माता रानी के कई रूपों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत किया। देखने के लिए हजारों की तादाद में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ उमड पडी। समिति के अध्यक्ष रवि सोनी की ओर से अपने सभी कार्यकताओं द्वारा पंडाल में पधारे हुए श्रद्धालुओं माताओं बहनों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराई गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थाना खैरीघाट की चौकी वैवाही पुलिस मौके पर मौजूद रही। वहीं आए हुए झांकी कलाकारों द्वारा अनुपम, मनोरम, विचित्र झाँकिया दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। जिसकी उपस्थित सभी ने प्रशंसा किया। शारदीय नवरात्रि में माता रानी के पंडाल में भव्य झांकी कार्यक्रम को कराने हेतु ग्रामीणों ने समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रवि सोनी, अर्जुन वर्मा, प्रभात कुमार, डा0 माधवराव वर्मा, राम अभिलाष विश्वकर्मा,दलवीर वर्मा,आचार्य गंगाराम पाठक, अजय वर्मा,प्रियांशु गुप्ता, रामभूलन वर्मा, काफी संख्या में आए हुए आगंतुकबंधु व हजारों की संख्या में उपस्थित गणमान्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्रि के चलते मंदिरों में लगता भक्तो का तांता

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शारदीय नवरात्रि के चलते देवी माता के मंदिरों में भक्तों का ताँता लगा हुआ है।प्रातः काल से ही मंदिरों में घंटे और मन्त्रोंचार के स्वर सुनाई देने लगते हैं।भक्त बड़ी उत्सुकता से माता के मंदिरों में पहुंच कर अपने मन की मुराद पूरी करने की अरदास लगाते हैं।

बताते चले कि जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर ब्लॉक फतेहपुर चौरासी के गांव लोनारपुर में प्राचीन कालीन माता भुवनेश्वरी देवी का मंदिर है। इस मंदिर पर आज बुधवार को लगेगा भक्तों का मेला।भौगोलिक दृष्टि से यह मंदिर बहुत ही रमणीय है। शहरों व नगरों के कोलाहल से काफी दूर गंगा और कल्याणी नदियों के दोआवे के बीच बसे लोनारपुर गांव में मंदिर के आसपास लगे हरे भरे पेड़ यहां पर आने वाले भक्तों का मन मोह लेते हैं दूसरी ओर गंगा नदी के अति निकट होने के कारण इस गांव में भक्तों को विशेष शान्ति की अनुभूति होती है।दूर दराज एवं गैर जनपदों से आने वाले भक्त मां के दर्शन के बाद यहां पर काफी देर तक रुकते हैं और शान्ति का अनुभव करते हैं। मंदिर के मठाधीश नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी बताते हैं कि माता जी का यह मंदिर काफी पुराना है और यह स्थान बृंदाआश्रम बलदेवाआश्रम भागवता आश्रम और गोपाला आश्रम की तपोभूमि के रूप में जाना जाता है।उन्होंने बताया कि माता जी के इस मंदिर पर चैत्र और कुंवाँर माह के नवरात्रि के दिनों में भक्तों की भारी भीड़ जुड़ती है।यहाँ सप्तमी तिथि को माता जी का विशेष रूप से श्रृंगार किया जाता है और माता कलिरात्रि के रूप की पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया जाता है। सप्तमी तिथि को यहाँ सैकड़ो देवी भक्तों का मजमा जुड़ता है। इस दिन क्षेत्र ही नहीं कई जनपदों के देवी भक्त माता की चौखट पर आते हैं और श्रद्धालुओं की दृढ़ आस्था है कि विशाल रूप धरणी माता भुवनेश्वरी देवी अपने भक्तों के सभी दुखों का हरण कर उन्हें मनवांछित फल प्रदान करती हैं।

# एमएलसी ने जनता दरबार में सुनी लोगो की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) डॉ. अरुण पाठक ने आज लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। डॉ. पाठक ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर प्रशासन के प्रति जनता की संतुष्टि सुनिश्चित करना है।जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान, कई स्थानीय निवासियों ने पानी, सड़क, बिजली और स्वच्छता से संबंधित शिकायतें रखीं। डॉ. पाठक ने इन सभी समस्याओं पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तुरंत कार्रवाई करें और जनता को राहत प्रदान करें।मीडिया से बातचीत के दौरान, डॉ. अरुण पाठक ने हाल ही में हुए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर भी अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने की संभावना पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि मतगणना अभी जारी है जम्मू-कश्मीर में भाजपा की स्थिति पर डॉ. पाठक की टिप्पणी जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वहां एक निर्णायक भूमिका में है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेट टू नेट सीटों पर चुनाव लड़ रही है, और 20 सीटों पर विपक्ष के साथ कड़ा मुकाबला है। डॉ. पाठक ने विश्वास जताया कि जम्मू-कश्मीर की जनता भाजपा को इस चुनाव में अपना समर्थन देगी। हैं।डॉ. पाठक ने धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे इस पहले विधानसभा चुनाव को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि अब वहां भारतीय संविधान का पूर्ण रूप से पालन हो रहा है, और लोग भारतीयता से पूरी तरह जुड़ गए हैं। उनके अनुसार, यह चुनाव राष्ट्रवादी और गैर-राष्ट्रवादी विचारधाराओं के बीच है, और जनता समझदारी से भाजपा के पक्ष में निर्णय लेगी।डॉ. पाठक ने जनता से यह अपील भी की कि वे विकास और राष्ट्रहित के मुद्दों पर केंद्रित रहें और भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देते लोग।

# नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य जागरण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। मां दुर्गा के भक्तों के लिए यह जागरण मां दुर्गा के पंडाल में संपन्न होगा, जिसमें ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धाल आएंगे। आयोजकों के अनुसार इस भव्य जागरण में मां दुर्गा की भक्ति के गीतों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बगल जनपद के नव दुर्गा जागरण पार्टी गोंडा के कलाकार और लखनऊ से सावरिया झांकी ग्रुप अपनी अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। पूरे पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया है और भक्तों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर समिति के कार्यकर्ता गांव के युवा साथी और स्थानीय पुलिस भी विशेष व्यवस्था में शामिल होंगे। मां दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता उर्फ गब्बर ने बताया कि नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मां दुर्गा की पूजा और जागरण का आयोजन विगत दो वर्षो से किया जा रहा है, और इस वर्ष भी इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी है।

# अज्ञात चोरों ने नकाब लगाकर की हजारों की चोरी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहिया के मजरा गनेशपुर निवासी रंगीलाल पुत्र कामता प्रसाद आर्य के घर में बीती 7-8 की रात अज्ञात चोरो द्वारा चोरी किये जाने का मामला सामने आया है। नकाब लगाकर घर में घुसे चोरो ने घर में रखें बक्से उठा ले गए। जो गांव के बाहर स्थानीय लोगों ने पड़ा देखा। अज्ञात चोरो द्वारा लगभग 39 हजार नगद, कमर बंद (चांदी) सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, झुमकी, बर्तन उठा ले जाने की बात बताई गईं है। पीड़ित दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष होने की वजह से रात में पंडाल पर ही रहता है। पीड़ित ने बताया कि सुबह जब पारिवारिक सदस्यो की आंख खुली तो देखा कि दरवाजे के नीचे नकाब लगा हुआ है और घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। चोरी गए सामानो में नगदी सहित जेवरात, बर्तन एवं अनाज शामिल है। चोरी की सूचना रूपईडीहा थाना प्रभारी को दी गई।चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा ने बताया है घटना के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र मिला है छानबीन जारी है।

# संक्षेप

## प्रोटेस्ट मामले में पांच प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के बाहर शुक्रवार रात हुए प्रोटेस्ट मामले में पुलिस ने पांच प्रदर्शनकारियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इधर, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी भी शुक्रवार रात से पुलिस द्वारा डिटेन किए हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें गाजियाबाद पुलिस लाइन में रखा हुआ है। हालांकि उनको किसी से मिलने पर पूरी तरह पाबंदी है। 29 सितंबर को गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में एक कार्यक्रम हुआ था। आरोप है कि यति नरसिंहानंद गिरी ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया। ये वीडियो वायरल होने के बाद कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यति पर गाजियाबाद और ठाणे जिले में एफआईआर तक हो गई है। यति नरसिंहानंद गिरी गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर में रहते हैं। रात सैकड़ों मुस्लिमों ने मंदिर के बाहर प्रोटेस्ट किया। पुलिस ने इनके खिलाफ थाना वेव सिटी में मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रदर्शनकारियों पर आरोप लगा कि उन्होंने पुलिस पर पत्थर भी बरसाए। अब इस मामले में पांच प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी हो गई हैं। इसकी पुष्टि डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने की है। उधर, यति नरसिंहानंद गिरी के शिष्य डॉक्टर निर्भयानंद ने बताया कि पुलिस ने गुरुजी को शुक्रवार रात से हिरासत में ले रखा है। वे अभी पुलिस लाइन में ही मौजूद हैं।

## रास्ते में ब्रेकर को लेकर दो पक्षों में पथराव

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के सिकंदराबाद गुलावठी क्षेत्र की अलीशा गार्डन कॉलोनी में रास्ते में ब्रेकर को लेकर दो पक्षों में पथराव हो गया। पथराम में किसी को चोट नहीं आई। उधर चर्चा है कि पुलिस पर भी पत्थराव किया गया, लेकिन पुलिस पथराव से इनकार कर रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीशा गार्डन में शकील ने अपने घर के सामने ब्रेकर बना लिया। दूसरे पक्ष के राशीद और पूर्व सभासद मोहम्मद मुजाहिद का आरोप है कि शकील ने ब्रेकर काफी ऊंचा बना लिया। मुजाहिद का कहना था कि उसकी उसका कारखाना कॉलोनी में है, उसकी सोफे और गद्दे का काम है।

गाड़ियां आती रहती हैं। गाड़ियां आने-जाने में काफी परेशानी होगी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। उसके बाद दोनों पक्षों में पथराव हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मैं पत्र आप कर रही लोगों को खदेड़ा दिया। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक भी मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक का कहना है कि दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया गया है, पुलिस पर कोई पथराव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अफवाह न फैलाए।

# यूपी के सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों के लिए खुलेंगे अलग से दवा काउंटर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों के लिए दवा वितरण के अलग काउंटर खुलेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की मांग पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक से आज इस आशय की मांग को लेकर समिति अध्यक्ष हेमंत तिवारी, कोषाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी और कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिन्हा ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने कहा कि समयाभाव के चलते पत्रकारों को सरकारी अस्पतालों में दवा के लिए निर्धारित काउंटरों पर लंबी लाइन लगानी पड़ती है। पूर्व में प्रदेश के कुछ सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों को दवा वितरण के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था थी जो बंद हो गई है। समिति ने उपमुख्यमंत्री से प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में इलाजरत मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दवा वितरण के लिए अलग से काउंटर खुलवाने की मांग की।समिति अध्यक्ष हेमंत तिवारी से उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में निर्देश जारी किए जाएंगे और पत्रकारों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने में किसी तरह की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दवा वितरण के अलग काउंटर खुलेंगे और किसी भी तरह की जरुरी दवाओं की कमी नहीं होगी।

## मौर्य,कुशवाहा,शाक्य सैनी सम्मेलन का आयोजन 20 अक्टूबर को



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील रोड स्थित सेरेमनी मैरेज हॉल में बीस अक्टूबर सम्मेलन का आयोजन। मौर्या,कुशवाहा, शाक्य,सैनी सम्मेलन का आयोजन पुर्व प्रभारी/प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में होना सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होंगे। जिसकी अनुमति उप जिलाधिकारी सहजनवां दीपक गुप्ता ने दिया है। इसके बाद से ही कार्यक्रम की तैयारियां और तेज हो गई है।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर जिला कारागार के जेलर अरुण कुशवाहा जी होंगे।इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिलीप कुमार मौर्य ने दी है।

# हरपुर बुदहट पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक, सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर -बुदहट थाना अध्यक्ष ने महेश चौबे के नेतृत्व में महिलाओं सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। प्रदेश में चल रहे नारी सशक्तिकरण अभियान शक्ति दीदी को लेकर मंगलवार को,थाना अध्यक्ष हरपुर बुदहट महेश चौबे के नेतृत्व में आश्रम पद्धति विद्यालय अनंतपुर में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं व बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व सुरक्षा सम्बंधी हेल्प लाइन के सम्बंध में जानकारी दी। वहीं साइबर अपराध व उससे बचने के टिप्स दिए और कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के पांचवे चरण (मिशन शक्ति फेज-5.0) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं/छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन डायल-112/ 1090/ 181/ 108/1076/1098 आदि नंबरों आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। महिला/बच्चों के साथ घट रहे साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के बारे में थाने की टीम द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जन जागरूकता फैलाने के लिए महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण संबंधी विषय पर जागरूक किया गया। इस दौरान एसाई विशाल यादव,एसाई सौरभ शर्मा,हेड कांस्टेबल श्याम प्रकाश यादव महिला कांस्टेबल रूबी सिंह मौजूद रही।

## मगरमच्छ के हमले में महिला को हल्की चोट

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम विड़ार में सोमवार पूर्वाह्न 11:00 बजे गांव के पास चोरमनाले में घात लगाए बैठा एक मगरमच्छ ने महिला के ऊपर हमला कर दिया। गनीमत या रही कि पर की जगह साड़ी उसके दांत में फंस गई और वह साड़ी दांत से खींच लिया, जिससे महिला को हल्की चोट आई। महिला की पहचान गांव के किरण 40 वर्ष पति ध्रुव के रूप में हुई है। लाज बचाने के लिए मह खेत में बैठ गई और बचाने की गुहार लगाने लगी। पास में गाय चराने वाले लोग दौड़कर महिला की जान बचाई। वस्त्र देकर उसे घर लये। प्राथमिक उपचार हेतु डॉक्टर घर बुलाया, क्योंकि महिला बहुत डरी व घबराई हुई है। उसके आंखों के सामने वही ख्वाब नाच रहा है। घटना स्थल मौके पर पहुंचे पाली विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह ने वन विभाग के टीम को घटना की सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। चूरमा नाल राप्ती नदी से लगा हुआ नदी से लगा हुआ है। इसलिए मगरमच्छ मौका पाकर नदी में भी भाग सकता है।

# सदस्यता अभियान चला रहे भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत माट में भाजपा महा सदस्ता अभियान चला रहे भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री को एक मनबढ़ ने जातिसूचक गाली देते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ाने के साथ सदस्यता फार्म फाड़ कर फेक दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से विडार निवासी संजय भारती जो भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री है। रविवार को मांट गांव में भाजपा का महा सदस्यता अभियान चला रहे थे। उसी गांव के आरोपी की मां ने सदस्यता फार्म भरने को कहा उसी दौरान आरोपी आ गया और जातिसूचक गाली देते हुए, मारने के लिए दौड़ा लिया और सदस्यता फार्म फाड़ कर फेक दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू साहनी पुत्र स्व स्वामीनाथ निवासी मांट के खिलाफ एससी/एसटी, मारपीट,जान से मारने की धमकी ओर सदस्यता फार्म फाड़ने का केस दर्ज कर लिया है।

## युवती प्रेमी संग फरार, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती रविवार को दिन में डेढ़ बजे के करीब घर ने निकली थी। जो देर रात तक कर वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बाद भी पता नही चला। जानकारी मिली की तुर्कवलिया निवासी एक युवक का गांव में रिश्तेदारी है वही उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश यादव निवासी तुर्कवलिय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सीतापुर में मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान न केवल एक सामाजिक परिवर्तन की पहल है, बल्कि यह उनके अधिकारों और सुरक्षा को मजबूती से स्थापित करने का एक अहम कदम भी है। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था, महिलाओं की प्रगति के बिना कोई भी समाज या राष्ट्र पूर्ण रूप से विकास नहीं कर सकता। इस अभियान का उद्देश्य भी यही है—सुरक्षा के साथ सम्मान और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करना। एएसपी प्रकाश कुमार द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में की गई बैठक में इस अभियान के तहत महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ ही, विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई विस्तृत चर्चा एक बड़ा कदम है। इसके अलावा, स्टडी वैल स्कूल में किशोरों और बालिकाओं को साइबर क्राइम और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना आज की आवश्यकता है, खासकर जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स का उपयोग बढ़ता जा रहा है।

## समझौते के बाद दीवाल गिरा मारा पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रानीपुर निवासी भास्कर चंद उपाध्याय पुत्र स्व सभापति उपाध्याय रविवार को पुराने दीवाल का निर्माण करा रहे थे। विपक्षी पुलिस को बुला लिया। दोनो पक्ष थाने पर गया। जहा समझौते के बाद निर्माण कार्य हुआ। उसी दिन रात्रि में विपक्षी दीवाल को गिरा दिए। विरोध करने पर आरोपी लोहे की सरिया,लाठी,लेकर घर पर चढ़ आए और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जय प्रकाश,चंद्र प्रकाश,सूर्यकांत के खिलाफ तोड़फोड़,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## कोर्ट के आदेश पर चार नामजद एक दर्जन से अधिक लोगो पर केस दर्ज

### पुलिस ने छेड़छाड़, घर में घुस कर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया


अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार नामजद तथा 5 से 7 अज्ञात लोगो पर छेड़छाड़,घर में घुसकर मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कटाई टिकर निवासी राजावती पत्नी शीतल का लड़का डीजे बजाने का काम करता है 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे वह घर आ रहा था। उसी दौरान रास्ते में एक महिला उसे रोक रुपया मागने लगी थी। जिसको पीड़िता ने देने मना कर दिया था। इसके बाद आरोपी महिला 5से7 की संख्या में अज्ञात लोगो को बुला लिया और घर में घुस गए। पुत्रबधु के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट और जाने मारने की धमकी दिए। पुलिस द्वारा कारवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सुंदरी,सुनैना, अनिकेत,राम लक्षण तथा अज्ञात 5 से 7 लोगो के खिलाफ छेड़छाड़,गाली गलौज,घर में घुसकर मारने पीटने ,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# गाजियाबाद में दो बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़

- जवाबी कार्रवाई में दोनों हुए घायल, गौकशी के इरादे से कार में घूम रहे थे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में गौकशी के इरादे से घूम रहे दो बदमाशों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद कार में गौकश घूम रहे हैं। पुलिस ने जब घेराबंदी कर इन्हें रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों को गोली लगी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से गौकशी का सामान, तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। विजयनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कार में गौकशी करने वाले बदमाश इलाके में घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत सिद्धार्थनगर टीएनटी चौराहे पर घेराबंदी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध कार नजर आई, लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाशों ने कार को हाईवे की तरफ भगाने की कोशिश की। पुलिस ने उनका पीछा किया, जिससे कार आगे जाकर एक खंभे से टकरा गई। कार टकराने के बाद दोनों बदमाशों ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग भी कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों को गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान इनाम और वासिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से गौकशी का सामान, रस्से, तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने 17 सितंबर को सिद्धार्थ विहार में गौकशी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया है और आगे की जांच जारी है।

# शहरी परिवार कल्याण कार्यक्रमों की त्रैमासिक मंडलीय समीक्षा बैठक

### पीएसआई इंडिया के सहयोग से आयोजित बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ। शहरी क्षेत्रों में परिवार कल्याण कार्यक्रमों को और सुदृढ़ व गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में द चैलेंज इनिशिएटिव (टीसीआई)-पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय मेरठ के सभागार में त्रैमासिक मंडलीय शहरी स्वास्थ्य समीक्षा एवं क्षमता वर्धन बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. डी. के. सक्सेना ने की।डॉ. सक्सेना ने बैठक में शहरी क्षेत्रों में चलाये जा रहे परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने व उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को प्रदान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। जिला चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में मुहैया करायी जा रहीं इन सेवाओं की उपलब्धियों पर भी चर्चा हुई। परिवार नियोजन कार्यक्रमों की उपलब्धियों के साथ ही फेमिली प्लानिंग लाजिस्टिक मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) पोर्टल और पिछले छह माह में किए गए वित्तीय व्यय की भी समीक्षा की गयी। बैठक में आशा कार्यकताओं के चयन, महिला आरोग्य समितियों (मॉस) के गठन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना और उपलब्धियों आदि पर चर्चा हुई।

बैठक का संचालन मंडलीय परियोजना प्रबंधक अरविंद गोस्वामी, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक प्रदीप कुमार व मंडलीय एफ.पी.एल.एम.आई.एस मैनेजर अखिलेश सिंह द्वारा किया गया। बैठक में मेरठ, बुलंदशहर, हापुड, गौतमबुद्धनगर व बागपत जनपद से राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी व शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम), हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) मैनेजर, डी.सी.ए.ए व पीएसआई इंडिया से मैनेजर प्रोग्राम कोमल, इंद्रभूषण श्रीवास्तव और फील्ड प्रोग्राम कोआर्डिनेटर तरुण सौडियाल ने प्रतिभाग किया।

# अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी

- उपचुनाव, त्योहारों में माहौल बिगाड़ने की तैयारी, भारी तादात में हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अहमद नगर में इस फैक्ट्री को पकड़ा गया है। यहां पुलिस को भारी तादात में बने और अधबने अवैध हथियार मिले हैं। वहीं पुलिस ने मौके से कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। आशंका है कि ये हथियार उपचुनाव के वक्त सप्लाई होना था। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की पिल्लोखड़ी पुलिस चौकी को लंबे समय से इलाके में अवैध हथियार फैक्ट्री चलने की सूचना थी। शनिवार रात मुखबिर की पक्की सूचना पर चौकी के दरोगा नितिन और महेंद्र खोरिया ने टीम के साथ छापा मारा। कांच का पुल, अहमद नगर में एक मकान में पुलिस को असलहा फैक्ट्री चलती मिली। जहां भारी तादात में तमंचे तैयार हो रहे थे। कुछ तमंचे अधबने भी मिले। काफी सामान भी मौके पर मिला। पूछताछ में पता चला कि डीब्लॉक ब्रहमपुरी के रहने वाले साजिद नामक युवक की फैक्ट्री है। पुलिस ने कुछ लोगों को मौके से उठाया। पकड़े गए लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। बता दें कि लिसाड़ी गेट में इससे पहले भी कई बार अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री मिली है। जहां पुलिस ने छापेमारी की है। इसके बावजूद अवैध हथियार बनाने का काम लगातार जारी है।

## मेरठ के थाने में किसानों ने किया हवन

### किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की मनाई जयंती, मांगों को लेकर धरना जारी



अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में अपने हकों के लिए पिछले 6 दिनों से धरने पर बैठे किसानों ने धरना स्थल पर ही किसानों ने अपने मसीहा को याद करते हुए हवन, पूजन किया। अन्नदाताओं ने कहा कि किसान विरोधी सरकार में धरतीपुत्रों की सुनवाई नहीं हैं। ये सरकार खुद को किसानों का हमराह कहती है, लेकिन आज किसान की सुनवाई नहीं है। परतापुर थाने में किसान गन्ना समितियों के चुनाव में गलत तरीके से पर्चे कैंसिल होने के कारण धरना दे रहे हैं। यहां बुजुर्ग किसान चिता पर लेटे हुए हैं और बाबा विजयपाल सिंह घोपला आमरण अनशन कर रहे हैं। वहीं बाबा टिकैत की जयंती पर अपनी मांगों को लेकर किसानों की बड़ी पंचायत आज लखनऊ में होने वाली है। इस पंचायत के लिए शनिवार रात ही काफी संख्या में पश्चिमी यूपी के किसान लखनऊ रवाना हुए। जहां भाकियू के अलावा अन्य किसान संगठन मिलकर महापंचायत करेंगे। इस पंचायत में एमएसपी, किसानों के अन्य मुआवाजों पर बात होगी।

# विवाद खत्म कर एक-साथ रहने को राजी हुए 6 जोड़े

- सीतापुर में परिवार परामर्श केंद्र ने की काउंसलिंग, शिकायत कर कार्रवाई की कर रहे थे मांग

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की परिवार परामर्श केंद्र यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों ने 6 शादीशुदा जोड़ों को काउंसलिंग किया । जिसके बाद एक साथ रहने को राजी किया है। पिछले काफी समय से यह शादीशुदा जोड़े एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। महिला पुलिस कार्यो ने परिवार को तोड़ने के बजाय काउंसलिंग कर उन्हें जोड़ने का बेहतर प्रयास किया है। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 6 जोड़ो की काउंसलिंग किया गया। परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसिलिंग के दौरान 6 जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। जिसमें शिल्पी पुत्री रामेश्वर निवासी लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर, चांदनी पत्नी निशार निवासी बिसवां खुर्द थाना तम्बौर, रेनू देवी पत्नी दीपक कुमार निवासी ग्राम गौरिया थाना खैराबाद, अफसाना पुत्री मतीन निवासी तुर्क पट्टी थाना खैराबाद, नीतू पुत्री परशुराम थाना मितौली और शोभा पुत्री रामादल निवासी थौरा भैंसी थाना थानगांव सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। काउंसिलिंग के बाद परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 6 जोड़ों की पुलिस लाइन से ही विदाई कराई गई।

# आग से बचाव हेतु जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान किया गया संचालित

अमेठी पथिक समाचार



अमेठी मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जनपद में आगामी त्यौहारों दुगार्पूजा, दशहरा एवं दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अमेठी के आदेशानुसार अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया तथा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद ने पूरी टीम के साथ गौरीगंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचेहरी, प्राथमिक विद्यालय पचेहरी (कम्पोजिट विद्यालय), थाना क्षेत्र अमेठी में स्थायी आतिशबाजी विक्रय स्थल में अभियान चलाकर बालिकाओं, छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए घरों एवं रसोईघरों में अग्निसुरक्षा, एल0पी0जी0 से बचाव एवं सावधानियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान के दौरान आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित इवैक्वेशन ड्रिल कराकर लोगों को आग लगने की स्थिति में भवन से सुरक्षित मार्ग द्वारा बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया व दुर्गा पूजा हेतु बनाये गये अस्थायी पंडालों के ढांचागत सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा व जीव रक्षा के लिए भारतीय मानक ब्यूरो आई0एस0-8758-1993 के संशोधित-2018 में दिए गए विस्तृत दिशा-निदेर्शों, बचाव एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि गैस लीक करने पर किचेन में बिजली के स्विच को ऑफ या ऑन न करें एवं गैस का सिलेण्डर सदैव खड़ा रखे, निर्धारित समय पर गैस रबर पाईप को बदल दें एवं रात्रि में सोने से पहले गैस के सिलेण्डर का वॉल्व बन्द कर दें, जलते हुये स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरें व भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चूल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने के लिए न करें, खाना बनाते समय ढीले-ढाले आँचल को बांध कर रखें, उसे चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखें तथा घर में बिजली के कटे-फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें, सही फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाएं। उन्होंने बताया कि कुकिंग गैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही आस-पड़ोस की अन्य अंगीठियों व जलती हुई बीडी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें, आग लगने पर सबको बतायें, आग बुझाने का प्रयास करें, कपड़े में आग लगने पर दौड़े नहीं, बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़के व जल जाने पर रनिंग वाटर का प्रयोग करें तथा चिकित्सक से सलाह लें, फ्लेम प्रूफ बिजली की व्यवस्था करें, धूम्रपान व माचिस का प्रयोग अथवा अन्य कोई आग लगने वाली वस्तु का प्रयोग सुरक्षा घेरे के अन्दर ना करें तथा धूम्रपान निषेध का बोर्ड अवश्य रखें, निर्धारित क्षमता वाले पर्याप्त एक्सटिंग्यूशर परिसर न रखें व गोदाम के चारों ओर घास इत्यादि की सफाई रखें। उन्होंने बताया कि जिस सिलेण्डर में आग लगी हो उसे फायर एक्सटिंग्यूशर से बुझायें व आग लगे हुए सिलेण्डर को गोदाम से बाहर कर दें, दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजायें व बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें तथा शार्ट सर्किट होने से आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें, झुग्गी, झोपड़ी, आरा मशीन, भूसे के ढेर से दूर पटाखों को छुड़ायें एवं दीपावली पर मोटे ओर चुस्त कपड़े पहने तथा ढीले और लहरदार सिन्थेटिक कपड़ों को न पहनें तथा अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरन्त निपटने हेतु 2 बाल्टी पानी भर कर तैयार रखें। उन्होंने बताया कि दुकानों के निर्माण में ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, आग को फैलने से रोकने के लिए दो दुकानों के बीच समुचित दूरी रखें, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दुकान न लगायें, दुकानों पर लाइसेन्स के अनुसार निर्धारित मात्रा में ही पटाखों को रखें, दुकानों पर पटाखों को चलाकर ग्राहकों को न दिखायें व दुकानों पर मोमबत्ती, दियासलाई, लाइटर का प्रयोग न करें एवं बिजली के तार के जोड़ों पर टेप का प्रयोग करें, पटाखों से सटाकर हेलोजन लाइट का प्रयोग न करें, जलने पर रनिंग वाटर का प्रयोग करें तथा चिकित्सक से सलाह लें। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि उपरोक्त जन-जागरूकता अभियान के दौरान गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय पचेहरी (कम्पोजिट विद्यालय), पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचेहरी के प्रधानाचार्य रमाशंकर यादव, शिक्षक रणप्रताप सिंह सहित छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया व अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र अमेठी के प्रशिक्षक फायर सर्विस चालक राजेन्द्र प्रसाद दूबे, फायरमैन अमित कुमार एवं रणजीत यादव ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# तेज रफ्तार डम्फर ने साइकिल सवार छात्र को कुचला, परिजनों में मचा कोहराम

## मौके पर दर्दनाक मौत, ड्राइवर हिरासत में



मृतक छात्र की फाइल फोटो



अमेठी पथिक समाचार

अमेठी।आज सुबह संग्रामपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना प्रतापगढ़ रोड पर हुई, जहाँ कोचिंग से लौट रहे साइकिल सवार छात्र को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया।स्थानीय लोगों ने मौके पर इकट्ठा होकर डंपर चालक को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।

यह घटना जोगाजीतपुर गांव के निवासी बृजेश सिंह के बेटे ओम सिंह के साथ हुई। ओम सिंह, जो कालिकन इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था, रोज की तरह कोचिंग से लौट रहा था। जैसे ही वह चौराहे से प्रतापगढ़ रोड की तरफ बढ़ा, सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और ओम के परिजन मौके पर पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने डंपर चालक को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हैं, और पुलिस ग्रामीणों और परिजनों को शांत करने का प्रयास कर रही है।

# दो सप्ताह बाद भी नहीं मिला लापता बच्चे का सुराग, मुंशीगंज पुलिस कर रही है लीपा-पोती

## बेटे की तलाश में दर बदर भटक रही मां डीएम कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार

अमेठी पथिक समाचार



किस्मता देवी

अमेठी मे दो सप्ताह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मां के साथ सो रहा बच्चा गायब हो गया था। बच्चे की खोज के लिए मां दर दर की ठोकरें खा रही है, लेकिन कोई मदद नहीं मिल रही है। आज पीड़ित मां ने डीएम निशा अनन्त से मुलाकात कर बच्चे को बरामद कराने की मांग की। पीड़िता ने परिवार की ही चाची पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया है।मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गढ़ा माफी गांव का है, जहां अपने मायके में रह रही किस्मता 26 सितम्बर की देर रात अपने 3 वर्षीय बेटे रितिक के साथ सो रही थी।रात में ही उसके पास सो रहा बच्चा गायब हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश में जुट गई, लेकिन दो सप्ताह बाद भी अब तक बच्चे का सुराग नहीं मिल सका है। मंगलवार को बच्चे की मां डीएम आफिस पहुंची और रो रो कर डीएम निशा अनन्त से मदद की गुहार लगाई। मां किस्मता ने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा हो गया, लेकिन बच्चे का कोई पता नही चल रहा है। घटना के एक सप्ताह पहले मेरी चाची ने बच्चे के अपहरण करने की धमकी दी थी। मेरी चाची ने ही बच्चे का अपहरण किया है। पीड़ित मां ने डीएम को बताया कि उसने अपनी चाची कांति देवी के खिलाफ तहरीर भी दी है। किस्मता ने बताया कि उसकी शादी दूसरे गांव अमेरूवा दीना का पुरवा में हुई थी। पति के लगातार अभद्र व्यवहार के कारण वह पिछले 3 साल से अपने मायके में ही रह रही थी।पूरे मामले में मुंशीगंज पुलिस कर रही है लीपापोती जब भी मैं मुंशीगज थाने जाती हूं तो पुलिस डांटकर भगा देती है कहती हैं बच्चा कहां से ढूढू के लाऊ

# अमेठी में चलती बाइक में लगी आग

## 5 मिनट में जलकर राख, युवक ने कूदकर बचाई जान

अमेठी पथिक समाचार



अमेठी आज दोपहर मोहनगंज थाना क्षेत्र के तिलोई स्थित शारदा सहायक नहर के पास एक युवक की बाइक में अचानक आग लग गई। युवक ने तुरंत बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में महज पांच मिनट में पूरी बाइक जलकर राख हो गई।

युवक ने बताया कि वह पास के एक गांव का निवासी है और अपनी बाइक लेकर नहर की पटरी पर पहुंचा था। घटनास्थल पर पहुंचते ही उसकी बाइक में आग लग गई। युवक ने यह भी बताया कि उसने पास की एक खुली पेट्रोल की दुकान से पेट्रोल भरवाया था और जैसे ही वह बाइक लेकर आगे बढ़ा, अचानक आग लग गई।आग ने युवक के कपड़ों को भी पकड़ लिया, लेकिन उसने समय पर आग बुझाने में सफलता हासिल की।इससे पहले भी युवक की बाइक में आग लग चुकी थी, जिसे बनवाकर उसने फिर से उपयोग में लिया था। आज की घटना ने बाइक को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंचा है।

# जिलाधिकारी ने बाईपास के निर्माणाधीन सेतुओं का किया निरीक्षण

## समयबद्ध ढंग से सेतुओं का निर्माण करने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हमीरपुर बाईपास के निमार्णाधीन सेतुओं का मौके पर जाकर विभिन्न साइटों का स्थलीय निरीक्षण किया । इस मौके पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बेतवा नदी पर बन रहे सेतु का निरीक्षण किया जहां पर पिलर्स के काम पूर्ण हो चुके थे तथा पाथवे व स्लैब का निर्माण कार्य होना शेष था। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कास्टिंग यार्ड का निरीक्षण किया यहां पर सेतुओं के निर्माण में प्रयुक्त किया जा रहे सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा जरूरी निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रोहान नाला पुल एवं यमुना नदी पर बन रहे सेतु तथा इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए गए रोड निर्माण का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए इसमें किसी भी तरह के लापरवाही न बरती जाए ।उन्होंने कहा कि आईआईटी आदि के माध्यम से नियमित रूप से थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण प्रोजेक्ट का लेआउट /मैप आदि का भी अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था कर सभी कंपोनेंट में एक साथ कार्य किए जाएं ताकि निर्धारित समय से कार्य पूर्ण हो सके। ज्ञात हो कि हमीरपुर बाईपास प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 6 सेतुओं का निर्माण किया जाना है।इस निमार्णाधीन पुल व सम्पूर्ण मार्ग की लागत 132.57 करोड़ है, इसकी कुल लंबाई 8.9 किलोमीटर है । इस मौके पर सेतु निगम एवं पीडब्ल्यूडी के अभियंता एवं कार्य संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर वर्णिता संस्था ने किये श्रृद्धा सुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में जिनका देश ऋणी है के तहत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये डा. भवानीदीन ने कहा कि जे पी नारायण सही मायने मे लोकसेवी और समाजवादी विचारों के नायक थे।इनका पूरा जीवन संघर्ष और साधना से भरा रहा।इन्होंने पटना से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1922 मे उच्च शिक्षा के लिए अमरीका गए।ये प्रारंभ से राष्ट्रसेवी रहे।इन्हीं के नेतृत्व मे सम्पूर्ण क्रांत' नामक आन्दोलन चलाकर 1975 में इन्दिरा गांधी की इमरजेंसी का विरोध किया गया।इनके निर्देशन मे जनता पार्टी बनी और बाद में 1977 मे जनता दल की सरकार बनी।इमरजेंसी मे इन्हें जेल मे डालकर अनेक यातनाएं दी गयीं थी जिस कारण इनका स्वास्थ्य खराब रहने लगा। कालान्तर मे इनका 8 अक्टूबर 1979 को इनका निधन हो गया। देश की आजादी से विकास की राह पर इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, आयुष शिवहरे, संतोष प्रजापति, महावीर प्रजापति, रिचा, भोलू सिंह, सागर, अजय, दस्सी आदि शामिल रहे।

# पोस्टमार्टम के बाद लखनऊ से अमेठी पहुंचा शव

## गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद, ग्रामीणों की लगी भीड़

अमेठी पथिक समाचार



अमेठी में पूर्व ग्राम प्रधान शिव नारायण सिंह की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।यह घटना बाजारशुकुल थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव की है।यहां वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है।आज सुबह जब शिव नारायण सिंह खेत की तरफ गए थे, तभी उन पर हमला किया गया। इस वारदात के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। लखनऊ से पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंच चुका है, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई थानों की फोर्स को मौके पर तैनात किया है।एडिशनल एसपी और सीओ भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। चुनावी रंजिश इस हत्या की वजह बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है।

# अमेठी भाजपाइयों ने हरियाणा के जीत पर मनाया जश्न

अमेठी पथिक समाचार



अमेठी जनपद में हरियाणा प्रदेश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष में पूरे जनपद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जश्न मनाया एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा भी कराया एवं हरियाणा के सभी देव तुल्य जनता जनार्दन कार्यकर्ता चुनाव में लगे हुए सभी आम जनमानस का आभार भी व्यक्त किया गया। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की गौरीगंज मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में जीत का जश्न मनाया गया एवं एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया गया।इस अवसर पर गोविंद सिंह चौहान,विजय किशोर तिवारी,केशव सिंह,अभिषेक चन्द्र कौशिक,अजय सिंह मण्डल अध्यक्ष,अवधेश सिंह,सूर्यनरायण तिवारी।अमेठी में सुधांशु शुक्ला सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जगदीशपुर में चन्द्रमौलि सिंह रामहेत बस राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष मुसाफिरखाना में महेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता व आम जनमानस ने इकट्ठा होकर के गगन बड़ी नारे लगाते हुए जीत का जश्न मनाया वह एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया एवं हरियाणा की देव तुल्य जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया गया।

# दुर्गा पांडालो के डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी



अमेठी पथिक समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में त्यौहारों दुगार्पूजा एवं दशहरा आदि के दृष्टिगत थाना अमेठी पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के दुगार्पूजा समिति के सदस्यों एवं डी0जे0 संचालकों के साथ गोष्ठी कर शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों से अवगत कराते हुये त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई एवं डी0जे0 संचालकों को शासन द्वारा जारी निदेर्शों के अनुपालन करने हेतु अवगत कराया गया ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नजदीकी हसवा पुलिस चौकी पूर्वी बाईपास के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को भीषण टक्कर मार दिया टक्कर खाते ही बाइक में सवार तीन युवक दूर जा गिरे जिन्हें गहरी चोट पहुंची आनन फानन राहगीर मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी प्रशासन मौके पर पहुंचा जहां घायल युवकों में एक युवक 23 वर्षीय अनीश पुत्र ब्रह्मादत्त निवासी सुधवा थाना थरियांव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने घायलों को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने अनीश को मृतक घोषित कर दिया वहीं जिला अस्पताल में दो अन्य घायल दिवाकर पुत्र निरंजन निवासी सुधवा राहुल पुत्र अशोक कुमार निवासी चक मुगल का उपचार चल रहा है घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की खोजबीन जारी है

# बेनीपुर हत्याकांड का एक और अभियुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त रियाजुद्दीन उर्फ पप्पू पुत्र गफ्फार खां उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम बेनीपुर अन्तू रोड बाइपास के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल (फरसा) को अभियुक्त के घर से बरामद किया गया ।

# हैवान बना शिक्षक कक्षा तीन की छात्रा को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर।जहां देश में भाजपा तथा प्रदेश में योगी सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दे रही है वहीं विद्यालयों में बेटियों के साथ निरंतर शोषण मारपीट हैवानियत करने में शिक्षकों ने कहीं कसर नहीं छोड़ रखी ताजा मामला फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के अमौली कस्बे अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय (कन्या विद्यालय) का आया जहां सहायक शिक्षक गौरव सचान ने हैवानियत की सभी हदें पार कर दी कक्षा तीन की छात्रा सोनाली के साथ मारपीट करते हुए पूरे शरीर में डंडे के निशान बना दिया पीड़ित छात्रा ने मीडिया को बयान देते हुए बताया कि उसके द्वारा सवाल सही से हल न कर पाने के कारण शिक्षक ने जानवरों की तरह जमकर पीटा मारपीट के दौरान जैसे तैसे बेटी अपने घर पहुंची तथा परिजनों को रो-रो कर पूरा हाल कह सुनाया वही छात्रा के पूरे शरीर में डंडों के निशान स्पष्ट दिखाई दिए जो सोशल मीडिया में जोर-जोर से वायरल हो रहे हैं ऐसे जानवरों की तरह मारपीट करने वाले मदान्द शिक्षक गौरव सचान ने शिक्षा विभाग में एक गहरा दाग लगाया वही इस मामले की जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमौली से ली गई जहां किसी कारण बस दोनों अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया देखना यह है कि ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के शिक्षक के ऊपर विभाग एवं वर्तमान सरकार अपना अगला क्या कदम उठाती है

# मारपीट से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत मामूली कहा सुनी में युवक के सिर में ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहा इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बंझोलवा गांव में सोमवार की दोपहर करीब मामूली कहासुनी में युवक ननकू निषाद उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र भैया लाल निवासी ग्राम केवटरा कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर के सिर पर बंझोलवा गांव निवासी अर्जुन पुत्र प्यारे ने सिर पर ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर किया था जहां पर देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी संगीता देवी मंगलवार की सुबह अपने परिवार के सदस्यों के साथ कोतवाली बिंदकी पहुंची और पति की हत्या किए जाने की तहरीर पुलिस को दिया इस मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया जाता है कि सोमवार को मृतक ननकू निषाद निवासी केवटरा पड़ोसी गांव बंझोलवा गया था वहीं पर मामूली कहा सुनी में अर्जुन ने ईट मारकर गंभीर रूप से घायल किया था मंगलवार की सुबह पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews
@gmail.com





# सहेली



हमारी सांस्कृतिक-आध्यात्मिक परंपरा में दशहरे के पर्व का सदियों से विशेष महत्व है। हर वर्ष यह पर्व याद दिलाता है कि अन्यायी, अत्याचारी व्यक्ति कितना ही बलशाली क्यों ना हो, उसकी हार निश्चित है। और जो नैतिकता और सत्य के साथ खड़ा है, उसकी विजय निश्चित है। इसके अलावा पर्व में और भी कई संदेश निहित हैं। इस पर्व के संदेशों को अमल में लाकर आदर्श परिवार-समाज के निर्माण और विकास में सहायक बनिए।

## मन की बुराइयों का करें अंत अपनाएं सद्गुण

आवरण कथा

पूनम कंडारी

पौराणिक कथा के अनुसार अंहकारी-अत्याचारी रावण का वध करके, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने धरा को पापों से मुक्त किया था, जनमानस भय मुक्त हुआ था। तभी से रावण वध और श्रीराम की विजय के रूप में दशहरे का पर्व मनाया जाने लगा। उसी समय से ही यह उत्सव प्रतीक बन गया, बुराई पर अच्छाई की जीत का। लोग इस संदेश को कभी ना भूलें, इसलिए आज भी दशहरे के दिन रावण का पुतला जलाया जाता है, उसे सांकेतिक रूप से मारा जाता है। लेकिन यह पर्व महज एक सांस्कृतिक-आध्यात्मिक रीति भर नहीं है। इसमें हमारे लिए गहरे संदेश छिपे हैं। अगर हम दशहरे के पर्व में निहित अर्थों को समझें और उन्हें अमल में लाएं, तो स्वयं के जीवन को सही दिशा दे सकते हैं, साथ ही समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस बदलाव को लाने में महिलाएं बड़ी ही अहम भूमिका निभा सकती हैं। वे भावी पीढ़ी के मन और व्यवहार में दशहरे पर्व के संदेशों को रोपित करके, एक आदर्श परिवार-समाज का निर्माण कर सकती हैं। कैसे, इसे और विस्तार से समझते हैं-



### अपने भीतर की बुराइयों को करें दूर

दशहरे पर्व का पहला संदेश यही है, बुराई कभी भी जीत नहीं सकती है। विजय हमेशा अच्छाई की होती है। जैसे बलशाली रावण को लगता था कि वह कितने ही पाप कर ले, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, लेकिन उसकी यह सोच गलत साबित हुई, जब श्रीराम ने उसका वध किया। ऐसा वह इसलिए कर पाए, क्योंकि वह हमेशा नैतिकता के मार्ग पर चले, असहाय लोगों के लिए उनके मन में करुणा और प्रेम के भाव थे। इस तरह देखा जाए तो राम अच्छाई के प्रतीक हैं, रावण बुराई का। आज के समय में अच्छाई-बुराई हमारे मन में ही वास करती है। ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार, क्रोध और लोभ बुराई के ही रूप हैं। वहीं प्रेम, करुणा, दया, क्षमा और सत्य-निष्ठा अच्छाई के रूप हैं। अगर मन पर रावण रूपी बुराई हावी होगी तो जीवन में बुरे परिणाम सामने आएंगे, वहीं मन पर राम रूपी अच्छाई की प्रधानता होगी तो सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इसलिए दशहरे के उत्सव से प्रेरणा लेकर हम मन के भीतर बैठी बुराईयों का अंत करें, और सद्गुणों को महत्व दें। आप अगर एक गृहिणी हैं, पत्नी हैं और मां हैं तो अच्छे गुणों को अपने और अपने परिवार के जीवन में स्थापित कीजिए। पत्नी होने के नाते, अपने पति को गलत काम करने से रोकिए, उनको ईमानदारी की राह पर चलने के लिए प्रेरित कीजिए। वहीं अगर आप मां हैं तो अपने बच्चों को श्रीराम की तरह नैतिकता की राह पर चलने की प्रेरणा दें, उन्हें एक करुणामयी, दयावान और सत्य-निष्ठ इंसान बनाएं।



### मुश्किलों से कभी हार ना मानें

दशहरे का दूसरा संदेश यह है कि मुश्किलों से कभी भी हार नहीं मानें। इसका उदाहरण श्रीराम की जीवन यात्रा है। जब उन्हें राजा बनना था, तब वनगमन का आदेश मिला गया। राजमहल का सुख त्याग, वनवासी का जीवन उन्हें गुजारना पड़ा। वन निवास के समय पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ, उन्हें बार-बार राक्षसों का सामना करना पड़ा, उनसे मुकाबला करना पड़ा। अंत में रावण, श्रीराम की पत्नी सीता का अपहरण करके ले गया। सीता जी की तलाश में श्रीराम लंका तक पहुंचे, रावण से युद्ध किया, उसका विनाश किया और अपनी पत्नी सीता को प्राप्त किया। इस तरह देखा जाए तो राम ने कभी भी कठिनाइयों के आगे हार नहीं मानी। उन्होंने बड़ी से बड़ी मुश्किलों का सामना साहस के साथ किया और हमेशा विजयी रहे। हमें भी उनसे प्रेरित होकर, अपने जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करना चाहिए। खासकर महिलाओं को चाहिए कि वे पारिवारिक, सामाजिक समस्याओं का सामना होने पर टूटे नहीं, उनका डटकर मुकाबला करें। यही सीख अपने बच्चों को भी दें, उन्हें दृढ़ निश्चयी और साहसी बनाएं।

### एकजुट होकर रहने की सीख

दशहरे का तीसरा संदेश, एकता के महत्व पर बल देता है। संगठित होने की शक्ति को बताता है। जैसे श्रीराम जब रावण से युद्ध करने के लिए लंका जाना चाहते थे, तो उनके सामने विशाल सागर था। उस सागर को पार करना असंभव था, लेकिन श्रीराम ने सागर पर लंका तक पुल बनाने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने अपने आस-पास उपस्थित लोगों की सहायता ली। हनुमान जी, वानर राज सुग्रीव, नल-नील और वानर सेना ने एक साथ आकर, विशाल सागर पर कुछ ही दिनों में राम नाम लिखे पत्थरों का एक पुल बना दिया। पौराणिक कथानुसार तो एक नन्ही गिलहरी ने भी छोटे-छोटे कंकड़ लाकर सागर में डाले और पुल निर्माण में अपना सहयोग दिया। इस तरह एकजुट होकर, सभी ने लंका तक पुल बनाया, श्रीराम की सहायता की और अत्याचारी रावण के वध में अहम भूमिका निभाई। कहने का अर्थ यही है कि अगर हम भी परिवार और समाज में सबको साथ लेकर चलें, तो तमाम तरह की समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। खासकर भावी पीढ़ी को एकजुट रहने की शिक्षा मांओं द्वारा दी जाए तो देश में वैमनस्य और अशांति को दूर किया जा सकता है, शांति और खुशहाली लाई जा सकती है।



जब इस बार आप दशहरे का पर्व मनाएं तो इस पर्व के संदेशों को समझें और संकल्प लें, इन्हें अमल में लाने का प्रयास करें। साथ ही भावी पीढ़ी को भी दशहरे पर्व के निहितार्थ बताएं।

### स्त्री अस्मिता की रक्षा का प्रण लें

**दशहरे का** पर्व सिर्फ अच्छाई और बुराई के बीच का संघर्ष नहीं है। यह स्त्री अस्मिता की रक्षा की भी कहानी है। श्रीराम ने रावण से भीषण युद्ध केवल इसलिए नहीं किया कि उसने, उनकी पत्नी का अपहरण किया था। बल्कि श्रीराम ने रावण का वध इसलिए किया, क्योंकि उसने एक स्त्री की अस्मिता का अपमान किया था। रावण को मारकर, श्रीराम ने समाज को संदेश दिया कि स्त्री अस्मिता की रक्षा सबसे ऊपर है, उसके लिए जो भी करना पड़े, वह धर्मसंगत है। आज के समय में तो यह संदेश और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि इस कलयुग में अनेकानेक रावण हमारे आस-पास मौजूद हैं, जो हमारी बहन-बेटियों की अस्मिता का हरण करते हैं, उनके साथ अत्याचार करते हैं। हमें भी इन रावणों का अंत करना होगा। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा, जब हम अपनी बेटियों को सबल-सशक्त बनाएंगे। साथ ही अपने बेटों को स्त्री सम्मान की सीख देंगे। तभी समाज में बदलाव आएगा और स्त्रियों की अस्मिता की रक्षा होगी।

---

अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे, श्रीराम की तरह आदर्श जीवन-मूल्यों पर चलें तो बचपन से ही उन्हें संस्कारवान बनाएं। बच्चों में माता-पिता सर्वप्रथम कौन-से गुण विकसित करें, जो वे सुसंस्कृत होकर एक सफल इंसान बनें, आप भी जानिए।

## बच्चों को सिखाएं श्रीराम के जीवन मूल्य

बच्चे और आप

सरस्वती रमेश



श्रीराम को यों ही 'मर्यादा पुरुषोत्तम राम' नहीं कहा जाता। जीवन के हर क्षेत्र में उन्होंने अपने आचरण से एक नही कई आदर्श प्रस्तुत किए। उनके जैसा धीर-गंभीर, आदर्श और ओजस्वी व्यक्ति पौराणिक युग में कोई दूसरा नही हुआ। आज हमारी संतानें भारतीय संस्कृति से दूर होकर संस्कारहीन हो रही हैं। इसके कारण अनेक सामाजिक बुराइयां जन्म ले रही हैं। समाज में अराजक तत्व बढ़ रहे हैं। इससे समाज भी बिखर रहा है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है, हम श्रीराम के जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करें। इससे हमारे बच्चे अनेक बुराइयों से बचेंगे, अपना जीवन नैतिक मूल्यों के साथ जी सकेंगे। आइए जानें, हम अपने बच्चों के आचरण में कौन-से जरूरी गुण स्थापित करें।



**माता-पिता का आदर:** श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र होने का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। पिता के वचन की रक्षा के लिए उन्होंने चौदह वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार किया। माता-पिता का आदर करने की जो भावना श्रीराम ने दिखाई, हम अपने बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**सभी का सम्मान:** श्रीराम ना सिर्फ अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते थे, साथ ही अपने गुरु और बड़ों को भी मान-सम्मान देते थे। सीता स्वयंवर में जब शिव का धनुष टूटने से परशुराम जी क्रोधित हो गए, तब श्रीराम ने उन्हें बड़े होने का उचित आदर-सम्मान देकर उनके क्रोध को शांत किया। आज हमारे बच्चे अपने अध्यापक, घर के बुजुर्गों जैसे दादा-दादी, चाचा-चाची और बड़े भाई-बहनों का सम्मान करना भूल गए हैं। उन्हें प्रणाम करना तो दूर, उनकी आज्ञा का पालन करने की जरूरत नहीं समझते। बच्चे अपने बड़ों से किसी भी बात के लिए लड़ने लगते हैं। बिना सोचे-समझे अपनी जानकारी को सही और उनके जीवन अनुभवों को तुच्छ साबित करते रहते हैं। सिर्फ अपनी सुख-सुविधा देखते हैं। दूसरों की भावनाओं की उन्हें जरा-भी परवाह नही होती। जबकि श्रीराम ने जीवन भर अपने से ज्यादा दूसरों की जरूरत को सदैव ऊपर रखा। दूसरों के सुख के लिए अपना सारा सुख त्याग दिया। हमें अपने बच्चों को श्रीराम के इन गुणों के बारे में बताना चाहिए कि किस तरह श्रीराम ने अपने छोटे भाई भरत के लिए अयोध्या का राज छोड़ा, किस तरह लंका पर विजय पाने के बाद सारा राज्य विभीषण को सौंपा। आप बच्चों को बताएं कि श्रीराम ने कैसे-कैसे त्याग किए। इससे बच्चे श्रीराम से प्रेरणा लेंगे, संस्कारवान बनेंगे।

**सहभागिता का गुण:** श्रीराम बचपन से ही बहुत बुद्धिमान और साहसी थे। रावण ने सीताजी का हरण कर लिया था। श्रीराम के पास आलौकिक शक्तियां थीं, वे चाहते तो अकेले ही लंका में जाकर सीताजी को वापस ला सकते थे। लेकिन उन्होंने इस लड़ाई में सामान्य जन को भी सम्मिलित किया। जिससे अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए उनमें साहस जगे, साथ ही लोगों को समूह की शक्ति का महत्व पता चले। हमें बच्चों को बताना चाहिए कि कोई भी काम मिलकर करने से सफलता मिलती ही है। साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति में हमें घबराना नही चाहिए। धैर्य से काम लेना चाहिए।

---

आदिशक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र हमें एक सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। महिलाओं को चाहिए कि वे नवरात्र समापन के समय मां दुर्गा के सामने कुछ ऐसे संकल्प लें, जिससे वे सबल ही नहीं सशक्त भी बनें।

## लीजिए ऐसे संकल्प जिनसे बनें आप सशक्त-सबल

उत्प्रेरणा

पूनम

आजकल नवरात्र चल रहे हैं। इन नौ दिनों में आदिशक्ति की उपासना करते हुए, उपासकों का मन उत्साह-उमंग से भरा रहता है। खासकर महिलाओं के लिए तो नवरात्र का पर्व, विशेष महत्व रखता है। वे हर दिन, मां के विभिन्न स्वरूपों की स्तुति करते हुए, उनसे प्रेरणा लेती हैं। मां दुर्गा के आशीर्वाद से अपनी आत्मशक्ति को जागृत करती हैं। इसी आत्मशक्ति के बल पर स्त्रियां अपने जीवन में आने वाली बाधाओं से पार भी पाती हैं। लेकिन अपनी आत्मशक्ति को बढ़ाने के साथ ही महिलाओं को चाहिए कि नवरात्र के समापन पर कुछ और भी ऐसे संकल्प लें, जो उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं, उन्हें सबल और सशक्त बनाने में सहायक हों।

**स्वस्थ रहने पर दें जोर:** मां दुर्गा की उपासना करते हुए, महिलाएं अपने परिवारजनों के जीवन को खुशहाल बनाने की प्रार्थना करती हैं, उन्हें स्वस्थ और निरोगी रखने की कामना करती हैं। लेकिन वह इस प्रार्थना में स्वयं को भूल जाती हैं। नवरात्र ही नहीं, सामान्य दिनों में भी अपने स्वास्थ्य के प्रति महिलाएं उदासीन रहती हैं। यही कारण है कि हमारे देश की आधी आबादी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से घिरी रहती है। इस बात की पुष्टि समय-समय पर होने वाले स्वास्थ्य सर्वेक्षण भी करते हैं। यह समस्या इतनी बड़ी है कि केंद्र और राज्य सरकारों तक को स्वास्थ्य जागरुकता अभियान चलाने पड़ते हैं। लेकिन जब तक महिलाएं स्वयं अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक नहीं होंगी, तब तक कोई भी बदलाव संभव नहीं है। इसलिए इस नवरात्र में महिलाएं मां दुर्गा के सामने स्वयं को स्वस्थ रखने का संकल्प लें। वे अपने स्वास्थ्य पर भी उतना ही ध्यान दें, जितना अपने परिवार के लोगों की सेहत पर देती हैं। इसके लिए महिलाएं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। अपनी आयु के अनुसार पौष्टिक आहार लें। साथ ही व्यायाम और योग को भी अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। नियमित रूप से इन बातों को अमल में लाकर आप अपने भीतर ऊर्जा और शक्ति को बढ़ा सकती हैं। इसी शक्ति और ऊर्जा के बल पर अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भी प्रयास कर सकती हैं। इस तरह आप स्वस्थ रहकर सबल-सशक्त होंगी।



**बनें आर्थिक रूप से स्वतंत्र:** जितना जरूरी स्वस्थ रहना है, उतना ही जरूरी आर्थिक रूप से स्वतंत्र रहना भी है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला अपने जीवन से जुड़े फैसले आसानी से ले सकती है। वह किसी भी तरह के शोषण या दबाव का शिकार नहीं होती है, इसलिए इस नवरात्र मां दुर्गा के सम्मुख आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का संकल्प भी लें। इसके लिए छोटे-छोटे प्रयास करें। अगर आप गृहिणी हैं, तो घर से ही कोई बिजनेस या काम करने की शुरुआत करें। जैसे आप घर से ही क्लाउड किचेन शुरू कर अच्छी अर्निंग कर सकती हैं। अगर आप पढ़ी-लिखी, वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी स्किल्स को बढ़ाइए और खुद का करियर आगे बढ़ाने का प्रयास कीजिए, हायर पोजिशन पर पहुंचने की कोशिश कीजिए।

**आत्मरक्षा की लें जिम्मेदारी:** देखा गया है कि आर्थिक रूप से सक्षम महिलाएं मजबूती से अपने फैसले खुद ले सकती हैं, लेकिन जब बात आत्मरक्षा की आती है तो वे कई बार कमजोर पड़ जाती हैं। आज भी हमारे समाज में महिषासुर जैसे राक्षस बेखौफ घूम रहे हैं। इनसे लड़ने का एक मात्र तरीका है कि महिलाएं, बेटियां अपनी आत्मरक्षा का जिम्मा खुद लें। तो इस नवरात्र आदिशक्ति के सामने अपनी आत्मरक्षा का प्रण लें। बुरे पुरुषों से अपनी रक्षा करने के लिए कराटे, जूडो जैसी फाइटिंग स्किल्स सीखें।

---

अर्थराइटिस की वजह से बढ़ती उम्र में अनेक महिलाएं ज्वाइंट पेन से परेशान रहती हैं। वर्ल्ड अर्थराइटिस-डे (12 अक्टूबर) के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं, प्रॉपर डाइट से कैसे कर सकते हैं ज्वाइंट पेन को कंट्रोल।

## जब लेंगी प्रॉपर डाइट ज्वाइंट पेन रहेगा कंट्रोल

डाइट सजेशन

श्रुति भारद्वाज





बढ़ती उम्र में कई महिलाएं अर्थराइटिस से ग्रस्त हो जाती हैं। इससे उनके रोजमर्रा के काम प्रभावित होने लगते हैं। अगर आपको भी अर्थराइटिस है तो रेग्युलर फिजियोथेरेपी और सही डाइट लेकर आप इसे काफी कंट्रोल कर सकती हैं। बैलेंस्ड डाइट और अर्थराइटिस के बीच गहरा संबंध होता है। अगर आप हेल्दी डाइट लेती हैं तो इससे आपके ज्वाइंट्स मजबूत रहते हैं और इनमें सूजन भी कम आती है।

**रेग्युलर डाइट में इन्हें करें शामिल:** अगर आप चाहती हैं कि अर्थराइटिस का दर्द आपको ना सताए तो अपनी डाइट में ऐसे न्यूट्रिएंट्स को शामिल करें, जो ना केवल आपको हेल्दी रखेंगे बल्कि इनके सेवन से जोड़ों के सूजन और दर्द में भी कमी आएगी।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड:** ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट लेने से सूजन में आराम मिलता है। इसके लिए आप अपनी डाइट में मछली, अलसी, चिया सीड्स और अखरोट शामिल करें।

**विटामिन सी-विटामिन ई:** विटामिन सी और विटामिन ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स भी सूजन को कम करने में मदद करते हैं। संतरे, कीवी, बेरीज, हरी पत्तेदार सब्जियों में ये अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए बहुत आवश्यक है। इसके अलावा विटामिन डी, कैल्शियम को बॉडी में एब्जॉर्ब करने में मदद करता है। डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां और फोर्टिफाइड फूड्स कैल्शियम के अच्छे सोर्स होते हैं। सुबह की धूप में रहने से भी विटामिन डी आप ले सकती हैं।

**फाइबर्स:** साबुत अनाज, फल और सब्जियां फाइबर्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इन्हें खाने से सूजन कम होती ही है, ज्वाइंट्स पर दबाव भी कम होता है।

**हल्दी-अदरक:** हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो एक नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी है। अदरक भी सूजन को कम करने में मदद करता है। इन्हें चाय या सलाद के रूप में सेवन करें।

**पानी:** ज्वाइंट्स कार्टिलेज को हाइड्रेटेड रखने के लिए खूब पानी पिएं। इससे सूजन कम होती है।

**जिंक-मैग्नीशियम:** जिंक रिच फूड्स से इम्यूनिटी अच्छी होती है और सूजन में भी कम आती है। नॉनवेज, सीड्स, सूखे मेवे और फोर्टिफाइड अनाज में जिंक भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**इन्हें करें अवॉयड:** बहुत से ऐसे फूड आइटम होते हैं, जिन्हें खाने से सूजन बढ़ जाती है। इसमें प्रोसेस्ड फूड्स और ट्रांस फैटी एसिड शामिल हैं। इन्हें अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा चीनी का सेवन भी सीमित मात्रा में करें। ये बॉडी में सूजन को बढ़ाते हैं।

**(लेखिका जाइडस हॉस्पिटल, अहमदाबाद में सीनियर डायटीशियन हैं)**

---

फेस्टिव सीजन में आप जरूर चाहेंगी कि आपका रूप सबसे अलग और दमकता हुआ नजर आए। इसके लिए सिर्फ अच्छी ड्रेस, ज्वेलरी पहनना ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए आपको मेकअप स्टेप्स को भी सही ढंग से फॉलो करना होगा।

## ऐसे करें मेकअप दमक उठेगा आपका रूप





केयर

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

नवरात्र के साथ ही त्योहारी मौसम शुरू हो जाता है। इस उत्सवी माहौल में और भी रंग भर जाते हैं, जब आपका रूप दमकता हुआ नजर आता है। अगर आप भी चाहती हैं कि इस माहौल में आपका रूप सबसे अलग नजर आए तो स्वयं पर थोड़ा ध्यान देकर आप ऐसा कर सकती हैं। सबसे जरूरी बात अपनी स्किन को हाइड्रेटेड रखें। थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी पीती रहें। इसके अलावा ताजे फलों का रस, नारियल पानी, नीबू पानी और सूप भी अपने आहार में शामिल करें। अपनी नींद का भी खयाल रखें। इससे आंखों के नीचे पफीनेस की समस्या भी नहीं होगी।

**फॉलो करें मेकअप स्टेप्स :** इस फेस्टिव सीजन में अगर आप किसी पार्टी, उत्सव, गरबा रास या दुर्गा पूजा में जा रही हैं तो वॉटर प्रूफ मेकअप ही करें। इसके अलावा गॉर्जियस मेकअप लुक पाने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो करना ना भूलें।



- पहले चेहरे और गर्दन पर फाउंडेशन लगाकर इसे गीले स्पंज से या अंगुलियों की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। फाउंडेशन को चेहरे पर लॉक करने के लिए लूज पावडर का इस्तेमाल करें। अपने स्किन टोन के अकॉर्डिंग फाउंडेशन लगाएं। आप चाहें तो गोल्ड फाउंडेशन भी लगा सकती हैं, इससे चेहरा चमकदार लगेगा। इसके ऊपर हल्के हाथ से ब्लशर लगाएं। अपने चीक बोंस पर आप हाई लाइटर भी लगा सकती हैं।
- ब्लशर और लिपस्टिक शेड पर भी ध्यान दें। अगर आपने ऑरेंज लिपस्टिक लगाई है तो उसी कलर के ब्लशर का उपयोग ना करें।
- ब्लश का चयन करते समय सावधानी बरतें। फेयर स्किन के लिए पिंक या रेड ब्लशर का इस्तेमाल करें। अगर आपकी स्किन यलोइश है तो ऑरेंज ब्लशर के इस्तेमाल से परहेज करें। ऐसी स्किन पर पिंक, ब्रॉन्ज कलर फबते हैं। अगर स्किन डस्की है तो डार्क रेड और ब्रॉन्ज ब्लश अच्छा रहेगा।

---

## ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

अमेठी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए।